वर्ष : 18 अंक: 51 | आगरा | शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

# सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने दिया सरकार को फ्री हैंड

## सरकार कोई भी एक्शन ले विपक्ष सरकार के साथ



**नई दिल्ली(ए)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत सरकार ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ 5 कड़े फैसले लेने के बाद अब गुरुवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और गृहमंत्री अमित शाह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करने पहुंचे। यह उच्चस्तरीय बैठक सुरक्षा स्थिति की गंभीरता और आगामी रणनीतियों पर चर्चा के लिहाज से अहम मानी जा रही है। इसके बाद शाम को सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें राहुल गांधी समेत विपक्ष के कई नेता शामिल हुए। बैठक से बाहर निकलकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हर एक्शन पर सरकार को पूरा सपोर्ट है। बैठक में शामिल रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभी दलों ने हमले की निंदा की है। कश्मीर में शांति के प्रयास पर चर्चा हुई। सरकार को किसी भी एक्शन के लिए समर्थन है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की मौत के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को रोकने और पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को घटाने समेत कई कड़े फैसले लिए हैं।

इसी बीच भारतीय वायुसेना ने एक्सरसाइज आक्रमण के तहत एक बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू किया, जिसमें पहाड़ी और जमीनी लक्ष्यों पर हवाई हमलों का अभ्यास किया गया। युद्धाभ्यास इस वक्त सेंट्रल सेक्टर में चल रहा है। इस अभ्यास में वायुसेना के पायलट पहाड़ी और जमीनी ठिकानों पर हमले का अभ्यास कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पूर्वी सेक्टर से वायुसेना के कई उपकरणों को सेंट्र्ल सेक्टर की ओर रवाना किया गया है। जहां इस ड्रिल के तहत लंबी दूरी तक जाकर दुश्मन के ठिकानों पर सटीक बमबारी की जा रही है। पायलट रीयल वॉर सिचुएशन में अभ्यास कर रहे हैं, जिससे उन्हें जंग जैसी परिस्थितियों में काम करने का अनुभव हो सके। इस युद्धाभ्यास अभ्यास का नाम आक्रमण रखा गया है, जो इसके उद्देश्य को साफ तौर पर दर्शाता है। यानी हमला करना और हमले की क्षमता को मजबूत करना। इस दौरान वायुसेना के टॉप गन पायलट्स सक्रिय रूप से शामिल हैं और वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों द्वारा इसकी निगरानी की जा रही है। पायलट्स को ग्राउंड और माउंटेन टारगेट्स पर प्रिसिशन स्ट्राइक की ट्रेनिंग दी जा रही है।

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर संसद में सर्वदलीय बैठक बैठक करीब दो घंटे तक चली। इस बैठक के बाद संसद से बाहर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बताया कि बैठक में सभी दलों ने इस हमले की निंदा की। विपक्ष पूरी तरह से सरकार के साथ है। इस मामले में सरकार कोई भी एक्शन लें, विपक्ष सरकार के साथ हैं।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कल जम्मू-कश्मीर जाने वाले हैं। इस हमले के समय राहुल गांधी अमेरिका में थे, लेकिन हमले के बाद अमेरिका का टूर समाप्त कर भारत लौटे। आज संसद में हुई सर्वदलीय बैठक में भी राहुल गांधी शामिल हुए।

पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी बैठक में मौजूद थे। सभी दलों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। हमने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति बनाए रखने के प्रयास किए जाने चाहिए।

इस बैठक में पहलगाम आतंकी हमले के बाद उपजी स्थिति को लेकर चर्चा हुई। सत्ता पक्ष के नेताओं ने इस बैठक में भारत सरकार द्वारा उठाए गए फैसलों की जानकारी दी। साथ ही विपक्षी सांसदों ने भी बैठक अपनी राय दी। बैठक समाप्त होने के बाद राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू सहित अन्य नेता संसद से बाहर निकलते नजर आए।

भारत सरकार ने विदेशी राजनयिकों के साथ बैठक की है और विदेशी राजनयिकों पहलगाम हमले की जानकारी दी है। विदेश मंत्रालय ने चीन और कनाडा समेत जी 20 देशों के चुनिंदा राजदूतों को पहलगाम आतंकी हमले के बारे में जानकारी दी। यह बैठक 30 मिनट तक चली। इधर, खबर है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से गृहमंत्री अमित शाह मिले हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

यह बैठक जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर हुई। राष्ट्रपति भवन ने बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ। एस जयशंकर ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

# प्रदेश के सभी अंचलों में समान रूप से उद्यमिता का हो विस्तार : डॉ. यादव



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के माध्यम से प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा सकते हैं। प्रत्येक जिले की परिस्थिति और उपलब्ध दक्षता के अनुसार गतिविधियों का विस्तार किया जाये। तेल घानी, मसाला-आटा चक्की, कोदो-कुटकी व अन्य मिलेट की प्र-संस्करण इकाई जैसे सूक्ष्म उद्योगों से युवाओं को जोड़ते हुए सम्पूर्ण प्रदेश में समान रूप से उद्यमिता का विस्तार किया जाये। इसमें खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। कृषि उपज मंडियों को भी आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इसमें दूध, सब्जी आदि को सुरक्षित रखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, इसकी शुरूआत रतलाम से होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में विभागी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश की संकल्पना को साकार करने में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण है।




## मप्र 26 और 27 को बारिश के आसार

**भोपाल,ब्यूरो ।** मप्र में गर्मी का प्रकोप जारी है। भोपाल में गर्मी का असर तेज है। इस वजह से सड़क का डामर भी पिघल रहा है। भीषण गर्मी के बीच मध्यप्रदेश में 26 और 27 अप्रैल को बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग ने छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश होने का अनुमान जताया है। इससे पहले पूरे प्रदेश में लू का अलर्ट है। गुरुवार को 21 जिलों में हीट वेव यानी, लू चलेगी। इनमें ग्वालियर, मुरैना, भिंड, नीमच, मंदसौर, रतलाम, खंडवा, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, बालाघाट, उमरिया, सतना, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिले शामिल हैं। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर समेत अन्य जिलों में गर्मी का असर तेज रहेगा।

# भारत के सख्त एक्शन से बिलबिलाया पाकिस्तान

**इस्लामाबाद (ए) ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की मौत के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को रोकने और पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को घटाने समेत कई कड़े फैसले लिए हैं। इससे पाकिस्तान बिलबिला गया है। इसी क्रम में पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने गुरूवार को एक अहम सुरक्षा बैठक बुलाई है। ये बैठक इस्लामाबाद में शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई। इस हाईलेवल मीटिंग में पाकिस्तान के तीनों सेनाध्यक्ष, महत्वपूर्ण मंत्री, शीर्ष सिविल और सैन्य अधिकारी शामिल हुए। पाकिस्तानी मीडिया ने शहबाज सरकार के हवाले से कहा कि अगर भारत ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने या उसकी दिशा बदलने की कोशिश की, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। इसके साथ ही पाकिस्तान ने भारत की स्वामित्व और संचालन वाली सभी एयरलाइनों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया है।



**भारत के साथ सभी द्विपक्षीय समझौते सस्पेंड किए, शिमला समझौता भी रोका,**

पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित कर दिए हैं। इसके अलावा, 1972 का शिमला समझौता रद्द कर दिया है। पाकिस्तान ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। पाकिस्तान ने सार्क एसवीई के तहत सभी वीजा निलंबित कर दिए।

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का समय आया, कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी : पीएम मोदी



**मधुबनी (ए) ।** पहलगाम अटैक के बाद गुरुवार को बिहार के मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी। आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई, किसी ने जीवन साथी खोया। इनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़, कोई गुजराती था, कोई बिहार का लाल था। आज सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा आक्रोश एक जैसा है।

पहलगाम आतंकी हमले पर पीएम मोदी ने दुनिया को मैसेज देने के लिए मंच से अंग्रेजी में कहा कि हम उन्हें धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को सजा मिलेगी। न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। पूरा देश इस संकल्प में एक है। मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और उनके नेताओं को धन्यवाद देता हूं जो हमारे साथ खड़े हैं।

पंचायती राज कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज पंचायती राज दिवस के मौके पर पूरा देश मिथिला से जुड़ा है, बिहार से जुड़ा है। आज यहां देश के बिहार के विकास से जुड़े हजारों करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। आज राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर सिंह की पुण्यतिथि भी है। मैं उन्हें नमन कहता हूं। बिहार वो धरती है जहां से बापू ने अपने सत्याग्रह की शुरुआत की थी। उनकी सोच थी कि जब तक गांव का विकास नहीं होगा, तब तक भारत का विकास नहीं हो जाएगा। बीते दिनों में पंचायतों को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए। 2 लाख से ज्यादा पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया है। साढ़े 5 लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर गांवों में बने। इससे कई दस्तावेज अब आसानी से मिल रहे हैं। बिहार में 13,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कियापीएम मोदी ने बिहार में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर करीब 13,500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। साथ ही उन्होंने यहां चार नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

# प्रज्ञा ठाकुर पर धमाके की साजिश रचने के आरोप, 8 मई को आएगा फैसला



**भोपाल ।** साल 2008 के मालेगांव बम धमाके के आरोपों से घिरी भोपाल से भाजपा की सांसद रहीं प्रज्ञा सिंह ठाकुर सहित सात आरोपियों को एनआईए (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) ने मौत की सजा देने की मांग कोर्ट से की है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मुंबई के स्पेशल कोर्ट से 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में सभी सात आरोपियों पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की धारा 16 के तहत मौत की सजा देने का अनुरोध किया है। एनआईए ने आखिरी दलील दायर की 17 साल पुराने बम धमाके में छह मुस्लिम मारे गए और 100 से अधिक घायल हो गए। मामले की दलीलें पूरी होने के बाद एनआईए की आखिरी लिखित दलील दायर की है। एनआईए द्वारा दायर की गई इस दलील में डेढ़ हजार से ज्यादा पेज हैं। हालांकि, कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जज एके लाहोटी 8 मई को अपना फैसला सुनाएंगे। मामले में साध्वी प्रज्ञा, कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, समीर कुलकर्णी, स्वामी दयानंद पांडे और सुधाकर चतुर्वेदी पर हिंदुत्व विचारधारा से जुड़ी एक व्यापक साजिश के तहत विस्फोट की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का आरोप है।

323 गवाहों में से 32 ने बदल दिए थे बयान

एनआईए ने पहले साध्वी प्रज्ञा को बरी कराने का प्रयास किया था जिसमें एनआईए की ओर से कहा गया था कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने अब अपना रुख बदल दिया है। एनआईए ने अदालत से किसी भी तरह की नरमी न बरतने का आग्रह किया है। जबकि 323 गवाहों में से 32 ने कथित तौर पर दबाव में आकर अपने बयान वापस ले लिए। एनआईए ने अपने नए सबमिशन में तर्क दिया कि बहिष्कृत गवाहों को विश्वसनीय नहीं माना जा सकता है।

## एक नजर

### खालिस्तानी आतंकी मंगत सिंह गिरफ्तार

**अमृतसर (ए) ।** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते और साहिबाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने अमृतसर में छापेमारी कर एक खालिस्तानी आतंकवादी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आतंकवादी पिछले 30 वर्षों से फरार चल रहा था। सूचना मिलने के बाद यूपी एटीएस की टीम ने अमृतसर ग्रामीण पुलिस से संपर्क किया। जिसके बाद टिम्मेवाला गांव में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आतंकवादी की पहचान मंगत सिंह के रूप में हुई है, जो अमृतसर ग्रामीण में छिपा हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने खालिस्तानी संगठन के सदस्य मंगत सिंह की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

### गौतम गंभीर को जान से मरने की धमकी

**नई दिल्ली (ए) ।** भारतीय क्रिकेट टीम के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी मिली है। बुधवार को आईएसआईएस कश्मीर नाम की मेल आईडी से दो मेल आए। दोनों में लिखा था- आई किल यू। इसके बाद गौतम ने गुरुवार को दिल्ली के राजेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। गंभीर ने पुलिस से परिवार और करीबी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। गंभीर को नवंबर 2021 में भी धमकी भरा मेल आया था। तब वे पूर्वी दिल्ली से सांसद थे।

### 14 माओवादी ने किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली (ए) ।** तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में चौदह माओवादी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आईजीपी ने कहा कि इस साल अब तक करीब 250 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 से अब तक 12 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। एक प्रेस विज्ञप्ति में पुलिस ने बताया कि माओवादियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम ऑपरेशन च्युता चलाया जा रहा था, जिसके तहत विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानने के बाद माओवादी हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

# सौरभ और शरद की जमानत याचिका खारिज

**भोपाल।** ईडी की विशेष अदालत ने परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और शरद जायसवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। सौरभ शर्मा और शरद जायसवाल ने ईडी के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार घोष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों आरोपियों को जमानत देने से इंकार कर दिया है।ईडी द्वारा आठ अप्रैल को सौरभ शर्मा सहित 12 आरोपियों के खिलाफ प्रस्तुत किए गए चालान के बाद सौरभ की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या शर्मा, साले रोहित तिवारी और रिश्ते के जीजा विनय आसवानी को ईडी की विशेष अदालत से जमानत मिल चुकी है। हालांकि यह आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए थे। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज किए गए भ्रष्टाचार के मामले में विशेष न्यायालय से सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को जमानत मिल चुकी है, लेकिन ईडी प्रकरण में तीनों भोपाल केंद्रीय जेल में बंद हैं।सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या शर्मा, जबलपुर निवासी साले रोहित तिवारी, भोपाल निवासी रिश्ते के जीजा है।

## आतंकियों के हौसले बढ़ाने में राहुल गांधी जिम्मेदारी :उमा भारती

**भोपाल ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश में आक्रोश है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती कहा कि आतंकवादियों के हौसले बढ़ाने के लिए राहुल गांधी जैसे वह सभी नेता जिम्मेदार हैं, जो धारा 370 को हटाए जाने का विरोध करते रहे। पहलगाम की घटना पर पूर्व सीएम उमा भारती ने एक्स पर लिखा कि कश्मीर के पहलगाम में हुआ हमला राष्ट्रीय एकात्मकता के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। आतंकवादी कश्मीर प्रांत को भारत से अलग दिखाना चाहते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट में गोधरा कांड पर सुनवाई 6-7 मई को

## गुजरात सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है; दोषियों को फांसी की मांग



**नई दिल्ली (ए) ।** सुप्रीम कोर्ट में 6 और 7 मई को 2002 के गोधरा कांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर सुनवाई होगी। जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।बेंच ने बताया कि वह 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। पूरी सुनवाई में कम से कम दो हफ्ते का समय लगेगा। 6 और 7 मई को पूरे दिन सुनवाई होगी। इस दौरान किसी अन्य मामले पर तब तक सुनवाई नहीं होगी जब तक कि कोर्ट की तरफ से विशेष तौर पर नहीं कहा जाए। बेंच ने दोषियों में से एक की ओर से पेश वकील संजय हेगड़े से 3 मई तक अपनी दलीलों को कोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया है। दलील में दोषी पर लगे आरोपों की लिस्ट, निचली अदालतों के फैसलों का ब्योरा देना है।

27 फरवरी 2002 में गुजरात के गोधरा स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 डिब्बे में आग लगा दी गई थी। ट्रेन में अयोध्या से लौट रहे 59 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। गुजरात सरकार ने इस मामले में 11 दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने के हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

# ऑस्टेलिया पर्यटकों से अभद्रता: करेंसी बदलने को लेकर मनी एक्सचेंज सेंटर संचालक से झगड़ा, पुलिस से शिकायत

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आस्ट्रेलिया से आए पर्यटकों के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि आस्ट्रेलिया पर्यटकों के साथ एंपोरियम स्वामी ने गालियां दीं। गाइड को गोली मारने की धमकी दी। गाइड से कहा कि मेरी पुलिस से सेटिंग है, तुझे जूतों से मारूंगा। आस्ट्रेलिया पर्यटकों ने टूरिस्ट थाने में लिखित तहरीर दी है। पहली बार भारत आए ऑस्ट्रेलिया के दंपत्ति ने टूरिस्ट थाने में लिखित शिकायत दी है। आस्ट्रेलिया से आई महिला पर्यटक ने कहा कि वे ताजमहल के पूर्वी गेट पर एक मनी एक्सचेंजर के पास पहुंचे। वहां उन्हें एक यूरो के 92 रुपये मिल रहे थे, जबकि दिल्ली में एक यूरो के 94 रुपये मिल रहे थे। इस पर महिला पर्यटक ने रुपये बदलने से मना कर दिया।



**शुरू कर दिया विवाद**

महिला पर्यटक के मना करने पर एंपोरियम संचालक ने अभद्रता शुरू कर दी। उन्हें गालियां देने लगा। गाइड को भी गालियां देने लगा। गाइड का आरोप है कि उसे गोली मारने की धमकी दी। कहा कि पुलिस में सेटिंग है। वे लोग एंपोरियम से निकलने लगे तो उनका पीछा किया। आरोप है कि एंपोरियम संचालक और मनी एक्सचेंजर के पास सर्टिफिकेट भी नहीं है, वो अवैध रूप से मनी एक्सचेंज सेंटर चला रहा है। गाइड का कहना है कि पर्यटकों के पास पैसे नहीं थे। उन्होंने ताजमहल की टिकट भी आनलाइन ही खरीदी थी। पूर्वी गेट पर मनी एक्सचेंज सेंटर दिखा तो पैसे लेने चले गए। पुलिस को लिखित शिकायत मिली है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है।

# बकरियों से भरी गाड़ी में लगी आग : एत्मादपुर के नेशनल हाइवे की घटना, सामने आया वीडियो

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना एत्मादपुर के नेशनल हाइवे 2 में बकरियों से भरी गाड़ी में आग लग गई। चलती गाड़ी में आग लगने से हाइवे पर हड़कंप मच गया। राहगीरों ने बकरियों को गाड़ी से नीचे फेंका। घटना का वीडियो भी सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे पर एक मेटाडोर में बकरियां ले जाई जा रही थीं। रास्ते में ही अचानक बकरियों के हिस्से से धुआं उठने लगा। आग उठने लगी। तुरंत मेटाडोर को रोका गया। बकरियां चीखने लगीं। राहगीरों ने बकरियां को उतारना शुरू किया। मेटाडोर के पीछे का हिस्सा खोला गया। मेटाडोर के पीछे के हिस्से दो हिस्से में बांटा गया था। बीच में एक पार्टीशन लगाया गया था। राहगीरों ने तुरंत ऊपर के हिस्से में चढ़कर बकरियों को नीचे फेंकना शुरू किया। बकरियां लगातार चीख रही थीं। मेटाडोर में बकरियों के लिए सूखी घास बिछाई गई थी, जिसमें आग पहुंच रही थी। गाड़ी में आग आगे के हिस्से से उठी थी। पूरी मेटाडोर को खाली किया गया। राहगीरों ने ही हाइवे किनारे की दुकानों से पानी



लाकर आग को बुझाया। आग लगने के कारण की जानकारी नहीं हो पाई है। इस पूरी घटना का वीडियो सामने आया है। जिसमें राहगीर मदद करते दिख रहे हैं।

# वृद्धावस्था पेंशन का सत्यापन प्रारंभ अपात्रों को नहीं मिलेगा लाभ

## जिले के 66,662 लाभार्थियों का हो रहा सत्यापन, जिला समाज कल्याण अधिकारी करेंगे 10 प्रतिशत लाभार्थियों का क्रॉस वेरिफिकेशन, जीवित को मृतक दर्शाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी-कर्मचारी पर होगी कड़ी कार्यवाही, जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत चिन्हित निर्धनतम परिवारों को मिलेगा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ

**अलीगढ़।** प्रदेश के मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण श्री असीम अरुण ने कहा है कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार बुजुर्गों के सुरक्षा सम्मान और बेहतर स्वास्थ्य के लिए लगातार कार्य कर रही है। वृद्धावस्था पेंशन में मृतक एवं अपात्र पेंशनरों को सूची से बाहर कर उनके स्थान पर नए पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ दिए जाने के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। मंत्री जी ने बताया कि बुजुर्गों को बेहतर जीवन देने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना चलाई जा रही है। वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक ही योजना का लाभ पहुंच सके, इसके लिए नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेंशन भुगतान के लिए सूची में शामिल लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है। मुख्य सचिव के शासनादेश के द्वारा सभी कमिश्नर और डीएम को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसके अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन के जिला अलीगढ़ के 66,662 पेंशनरों व सत्यापन 25 मई तक किया जाएगा। मृतक एवं अपात्र पाए गए पेंशनरों को सूची से हटाकर उनकी जगह नए पात्र लाभार्थियों को लाभांवित किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की ओर से 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बीपीएल आय सीमा के अंतर्गत वृद्धजनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की पेंशन डीबीटी के माध्यम से तिमाही प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश का निवासी होना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक की वार्षिक आय 46080 रुपये और शहरी क्षेत्र में वार्षिक आय 56460 रुपये से कम होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ के माध्यम से और शहरी क्षेत्र में उपजिलाधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गलत सत्यापन पर दंडात्मक कार्रवाही का भी प्राविधान किया गया है। निदेशक समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी उप निदेशक एवं समाज कल्याण अधिकारियों को 10 प्रतिशत पेंशनरों का क्रॉस वेरिफिकेशन करते हुए सत्यापन की गुणवत्ता का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके आधार पर जीवित पेंशनर्स को मृतक दर्शाए जाने वाले सत्यापनकर्ता अधिकारी और कर्मचारी के विरूद्ध जिलाधिकारी द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभागीय अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सत्यापन समयबद्ध और गुणवत्तापरक हो। उन्होंने बताया कि जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा हर गांव से 25 परिवार चिन्हित किए गए हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जिसमें जिले के 1885 वृद्धजन चिन्हित किये गये हैं। इन परिवारों को समाज की मुख्य की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाज कल्याण विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है। चिन्हित परिवारों के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों को भी सत्यापन के दौरान पात्रता के अनुसार आवेदन कराए जाएंगे और उनको लाभ दिलवाया जाएगा।

उन्हें जून माह से प्रथम किश्त की पेंशन दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना को पारदर्शी बनाने के लिए तकनीक का प्रयोग कर कई ठोस कदम उठाए गए हैं। इसके लिए लाभार्थियों को समय से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए उनके आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही की जा रही है। लाभार्थियों के आधार और मोबाइल नंबर को बैंक खातों से लिंक कराया जा रहा है। एकीकृत पोर्टल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि एक व्यक्ति किसी एक पेंशन में ही लाभ प्राप्त कर सके।

# नहर बाइपास पर टाइल्स से भरा ट्रक पलटा: कांग्रेस जिला अध्यक्ष बोले- सड़क नहीं बनी तो आंदोलन होगा

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद-ग्वालियर हाईवे से रोहता होते हुए दिगनेर को जोड़ने वाले नहर बाइपास पर गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा हुआ। टाइल्स से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और लोकसभा प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। सिकरवार ने कहा कि सड़क के गड्ढे तो भर दिए गए, लेकिन किनारों पर मिट्टी नहीं डाली गई। इसी वजह से यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं।जिला अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार ने पिछली दुर्घटनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि अब तक कई लोग जान गंवा चुके हैं। इनमें कार सवार चार लोगों की मौत भी शामिल है। उन्होंने ग्वालियर हाईवे पर जलभराव और गड्ढों की समस्या पर भी नाराजगी जताई।महानगर अध्यक्ष अमित सिंह ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही सड़कों की मरम्मत नहीं की गई तो कांग्रेस बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। फिलहाल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और शहर अध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर धरने पर बैठ गए हैं। सिकरवार ने कहा कि जब तक सड़कें नहीं बनेंगी, वे धरना जारी रखेंगे।धरने में जिलाध्यक्ष रामनाथ सिकरवार, शहर अध्यक्ष अमित सिंह, सत्येंद्र दुबे, हेमंत चाहर, अजहर भारती, प्रदीप शर्मा और अजय पराशर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कार टकराने पर विवाद, ऑटो चालक को गोली मारी

## गंभीर रूप से घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया, दो हमलावरों में एक हिरासत में

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** कार से आटो टकराने पर कार चालक और ऑटो चालक में विवाद इतना बढ़ गया कि कार में सवार युवकों ने ऑटो चालक पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली ऑटो चालक की जांघ में लगी, जिससे आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घेराबंदी करके कुछ ही घंटों में 2 में 7 हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे हमलावर की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। घटना 23 अप्रैल की है। न्यू आगरा अंतर्गत नगला पदी, विद्या नगर निवासी जवाहर लाल ऑटो चलाता है। बताया जा रहा है कि बुधवार को जवाहर लाल ऑटो में सवारी भरकर केंद्रीय हिंदी संस्थान से खंदारी की ओर जा रहा था। इसी बीच में उसका ऑटो एक कार से टकरा गया, जिसमें कि जगदीश और अजय यदव नाम के दो युवक बैठे थे। आटो चालक और कार सवारों में कापी विवाद हो गया। गाली गलौज हो गई। इसके बाद ऑटो चालक वहां से निकल गया।



**ऑटो रोक कर चाल को बाहर खींचा**

बताया जा रहा है कि आटो चालक सवारियां लेकर लौट कर आया तो रास्ते में कार सवार दोनों युवक वहीं खड़े मिले। उन्होंने आटो को रुकवा लिया और जवाहर लाल को बाहर खींच लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि कार सवार 2 युवकों में एक अजय यादव ने ऑटो चालक पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली ऑटो चालक के जांघ में लगी। पुलिस ने घेराबंदी कर कुछ ही घंटों में 2 में से 1 हमलावर अजय यादव पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी नवीन नगर शान्ति नगर रोड़ दिनेश नगर थाना सिटी कोतवाली जनपद एटा, हाल पता सूर्यलोक कॉलोनी खंदारी थाना न्यू आगरा जनपद आगरा को अबुल उलाह दरगाह के पास स्थित पुल के नीचे से पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयोग किया गया तमंचा भी बरामद कर लिया गया है। दो जिंदा कारतूस भी मिले हैं। पकड़ा गया हमलावर सूर्यलोक कॉलोनी, खंदारी का रहने वाला है। दूसरा फरार हमलावर जगदीश निवासी इंद्रा नगर, न्यू आगरा का रहने वाला है। थाना न्यू आगरा प्रभारी ने बताया कि पुलिस दूसरे हमलावर की तलाश में दबिश दे रही है।

**साथी कुछ कहने पर मारी गोली**

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त अजय यादव से बरामद अवैध पिस्टल के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने अपने साथी जगदीश पत्रकार के कहने पर बरामद पिस्टल से गोली मार दी थी और पिस्टल को वन विभाग के जंगल में झाडियों में फेक दिया था, जिसे पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अजय यादव की निशादेही पर बरामद कर लिया गया है।

# खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार योजनान्तर्गत 30 अप्रैल तक करें आवेदन

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में ग्रामोद्योगी इकाईयों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरण के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना अन्तर्गत न्यूनतम पूँजी निवेश पर अधिकतम रोजगार प्रदान करने वाली इकाईयां एवं न्यूनतम तीन वर्ष पुरानी स्थापित निरन्तर कार्यरत इकाईयो से पुरस्कार के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गए हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन पत्र कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, त्रिमूर्ति नगर, सुरक्षा बिहार, बरौला बाईपास से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में सम्पर्क करने के साथ ही दूरभाष नंबर 7408410755 एवं 9808146965 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

# ऑपरेशन जागृति अभियान में गांव, स्कूल पंचायत में लगाई चौपाल

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन मे चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति फेज चार अभियान के तहत समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम, महिला बीट आरक्षियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले गांव, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर चौपाल लगा कर उपस्थित छात्राओं, बालिकाओं व स्कूल स्टॉफ को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यो के बारे में जानकारी देते हुये सुरक्षा सम्बंधी उपायों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित कल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधो से बचाव हेतु किया जागरुक किया। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों के दुरूपयोग व फॉल्स केसेस, लव रिलेशनशिप के प्रति परिवारों किशोर व किशोरियों को सचेत करना, महिलाओं का घरेलू हिंसा से बचाव, साइबर हिंसा के प्रति जागरूकता, युवाओं में नशे के दुष्परिणामों से बचाव, पारिवारिक विघटन जैसे मुद्दों पर सभी को जागरूक किया जा रहा है। विषम परिस्थितियो में सहायता प्राप्त किये जाने के लिये महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे- यू0पी0-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही महिलाओंध्बालिकाओं को सभी सुरक्षा सम्बन्धी सेवाऐंध्एप्लीकेशन आदि के बारे में जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया


**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No:- DRM/C/AGRA/NFR/E-AUCTION दिनांक 23.04.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

| श्रेणी : पब्लिसिटी | केटलॉग संख्या : ADVT-AGRA-25-01 | |
|---|---|---|
| एसेट्स डिटेल्स | ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय | ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
| आगरा फोर्ट सर्कुलेटिंग एरिया Zone-IInd पर होर्डिंग/यूनिपोल के माध्यम से वाणिज्य प्रचार का ठेका | दिनांक :- 08.05.2025 समय :- 11:00 | दिनांक :- 08.05.2025 समय :- 11:30 |
| आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन (प्लेटफार्म एवं कॉनकोर्स हॉल) पर LED के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन प्रचार का ठेका | दिनांक :- 08.05.2025 समय :- 11:10 | दिनांक :- 08.05.2025 समय :- 11:40 |
| श्रेणी : Misc-Static-Services | केटलॉग संख्या : AGRA-NFR-25-02 | |
| एसेट्स डिटेल्स | ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय | ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
| ईदगाह रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया पर इलेक्ट्रिक व्हीकल (ई.वी.) चार्जिंग स्टेशन का ठेका | दिनांक :- 08.05.2025 समय :- 11:00 | दिनांक :- 08.05.2025 समय :- 11:30 |
| मथुरा जं. रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया पर इलेक्ट्रिक व्हीकल (ई.वी.) चार्जिंग स्टेशन का ठेका | दिनांक :- 08.05.2025 समय :- 11:10 | दिनांक :- 08.05.2025 समय :- 11:40 |
| आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के समीप ए.डी.आर.डी.ई. क्रासिंग ईदगाह पर जैसा-है-वैसा-है के आधार पर रेल कोच रेस्टोरेंट का ठेका | दिनांक :- 08.05.2025 समय :- 11:20 | दिनांक :- 08.05.2025 समय :- 11:50 |
| आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर मशीन के माध्यम से आउटवर्ड पार्सल को स्कैन करने के ठेके के संबंध में | दिनांक :- 08.05.2025 समय :- 11:30 | दिनांक :- 08.05.2025 समय :- 12:00 |

नोट :- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेवसाइड www.ireps.gov.in के E-Auction Module के माध्यम से की जायेगी । लॉट अनुसार विवरण उर्पयुक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। 701/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# आपरेशन जागृति 4.0 के तहत कलैक्ट्रेट में हुआ कार्यक्रम

## एसपी क्राइम ने सभी ब्लॉक के पंचायत सहायक व सहायिकाओं को किया गया जागरूक



**अलीगढ़।** अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन के निर्देशानुसार व यूनिसेफ द्वारा जोन स्तर पर चलाये जा रहे आपरेशन जागृति 4.0 के अन्तर्गत गुरूवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन व पुलिस अधीक्षक अपराध एवं नोडल अधिकारी अपरेशन जागृति ममता कुरील के नेतृत्व में जिला पंचायत राज अधिकारी मोहम्मद राशिद, यूनिसेफ के प्रतिनिधि मोहम्मद इमरान, थाना साइबर क्राइम, महिला एवं बाल सुरक्षा संरक्षण व नारकोटिक सेल द्वारा कलैक्ट्रेट सभागार में सभी ब्लॉकों के लगभग 125 पंचायत सहायक, सहायिकाओं की उपस्थिति में आपरेशन जागृति 4.0 के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपराध की पीड़िताओं को सहायता एवं काउसलिंग, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे मामले दर्ज कराना, एलोपमेंट, साइबर बुलिंग या साइबर अपराध, नशे के सेवन के दुष्प्रभाव व उपायों पर जागरूकता, पारिवारिक विघटन के मामलों में काउसलिंग व सहायता के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए उपरोक्त विषयों पर उपस्थित सहायक एवं सहायिकाओं को अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए गए। साइबर क्राइम थाना टीम द्वारा उपस्थित समस्त कर्मियों को साइबर अपराध से बचाव के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील ने जिला पंचायत राज अधिकारी मोहम्मद राशिद को साइबर अपराध से बचाव के लिए ई-बुक सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित करने के लिए उपलब्ध करायी गयी। कार्यक्रम में साइबर अपराध से बचाव के लिए प्रचार सामग्री पम्पलेट, ब्रॉउसर भी वितरित किए गये।

# मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम स्थापना के लिए करें आवेदन

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीयकृत ग्रामीण बैंकों द्वारा परियोजना की मंजूरी दी जायेगी। बैंकों के माध्यम से 10 लाख रूपये प्रोजेक्ट लागत तक के ऋण स्वीकृत कराये जायेगें, प्रोजेक्ट लागत का मात्र 05 प्रतिशत उद्यमी अंशदान एवं बैंक से 95 प्रतिशत बैंक ऋण अनुमन्य होगा, जो नियमानुसार 05 वर्ष के लिये देय होगा। उद्यमी अंशदान की धनराशि पूँजीगत मद में व्यय होगी एवं पूँजीगत ऋण धनराशि पर 25 प्रतिशत मार्जिनमनी धनराशि अनुदान के रूप में ऋण स्वीकृत होने के पश्चात बैंक को उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे बैंक 03 वर्ष तक टीडीआर के रूप में रखेगा एवं 03 वर्ष बाद उद्यमी के ऋण खाते में समायोजित करेगा। मार्जिनमनी की धनराशि पर न तो ब्याज दिया जायेगा और न ही उतनी धनराशि पर बैंक उद्यमी से ब्याज लेगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत आवेदक द्वारा माटीकला बोर्ड के पोर्टल upmatikalaboard.in पर ऑनलाईन आवेदन किया जायेगा। उद्यम की स्थापना ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही क्षेत्रो में अनुमन्य है। अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो एवं अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो। आवेदक का फोटोग्राफ, शैक्षिक व तकनीकी योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। 05 लाख रूपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए लाभार्थी को कम से कम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है एवं अभ्यर्थी को ऋण लेने से पूर्व माटीकला का प्रशिक्षण या माटीकला की परम्परागत जानकारी हो। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, मकान नंबर 5/69-एच-80-4, त्रिमूर्तिनगर, (पुलिस गैसगोदाम के पास), बरौला बाईपास के साथ ही दूरभाष नंबर 7408410755 एवं 9808146965 पर सम्पर्क कर सकते है।

# राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर जिलाधिकारी ने किया सिकंदरपुर ग्राम पंचायत का निरीक्षण

## प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन, डीएम-सीडीओ ने पंचायत भवन में शहतूत का पौधा रोपा, मुख्यमंत्री पुरस्कार प्राप्त ग्राम सिकन्दरपुर जिले के अन्य ग्रामों के लिए प्रेरणास्रोत

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने ब्लॉक धपीपुर की मुख्यमंत्री पुरस्कार प्राप्त ग्राम पंचायत सिकंदरपुर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने पंचायत भवन का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान डीएम सीडीओ ने पंचायत भवन में शहतूत का पौधा भी रोपित किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में संचालित विकास कार्यों की जानकारी ली और पारदर्शिता व सहभागिता आधारित कार्य प्रणाली की सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुर का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील) किया और बच्चों से उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में संवाद किया। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुरस्कार प्राप्त करना ग्राम पंचायत की उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रमाण है।



उन्होंने अन्य ग्राम पंचायतों से भी सिकंदरपुर से प्रेरणा लेकर विकास कार्यों को गति देने का आह्वान किया। ग्राम प्रधान द्वारा पंचायत सचिवालय का संचालन बेहतर ढंग से होना यह बताता है कि यह गांव आदर्श ग्राम की ओर अग्रसर है। ग्राम सिकन्दरपुर जिले के अन्य ग्रामों के लिए प्रेरणास्रोत है। पंचायत सचिवालय में बैठक के दौरान डीएम ने सभी से अपने दायित्वों एवं जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन करने की बात कही।

आशा एवं आगंनबाड़ी को ग्राम स्तर पर महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए संचालित योजनाओं का पात्रों को लाभ दिलाने, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का नियमित टीकाकरण एवं संस्थागत प्रसव कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, जिला पंचायतीराज अधिकारी मोहम्मद राशिद, खंड विकास अधिकारी राहुल वर्मा, एडी इन्फॉर्मेशन संदीप कुमार, ग्राम प्रधान कल्पना सिंह, प्रधान पति बंटी सिंह, विद्यालय प्रधानाध्यापक चारु शर्मा, सहायक अध्यापक सोनम चौहान, शिक्षा मित्र पूनम लता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।


**आदर्श कृष्ण कॉलेज ऑफ एजूकेशन**
**भूप नगर, मैनपुरी**

स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत बी.एड. विभाग में विभागाध्यक्ष/प्राचार्य, 01 पद शिक्षा के परिपेक्ष में 04 पद, विज्ञान 02 पद, गणित 02 पद सामाजिक विज्ञान 02 पद भाषा हिन्दी/अंग्रेजी 02 पद ललित कला 01 पद, संगीत/ नृत्य 01 पद, शारीरिक शिक्षा 01 पद।शैक्षिक योगयता एवं वेतनमान– रेगूलेशन 2014 एन.सी.टी.ई./डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा / उ.प्र. शासन के नियमानुसार विज्ञापन प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय पते पर भेजें।

**सचिव**
7017813990, 8923990786

## योगी सरकार की प्रोत्साहन नीति से आगरा में बढ़ी इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड

- इलेक्ट्रिक कार और स्कूटर को लेकर लोगों में क्रेज, बाजार में खूब हो रही बिक्री
- आगरा की सड़कों पर 33 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन रहे दौड़
- परिवहन विभाग में हर महीने सैकड़ों इलेक्ट्रिक वाहनों का हो रहा पंजीकरण

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए लोगों को ई-वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इलेक्ट्रिक वाहन की खरीद पर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जा रही है। ऐसे में ऑटोमोबाइल सेक्टर के बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ गई है। आगरा में करीब 33 हजार इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर है। बाजार में औसतन दसवां ग्राहक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीद रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन के शोरूम पर ग्राहकों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक कार की भी बिक्री खूब हो रही है। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों की रेस में सबसे आगे उत्तर प्रदेश है। देश के तकरीबन हर राज्य में लोग तेजी से पारंपरिक ईंधन वाहन के बजाय इलेक्ट्रिक वाहन को चुन रहे हैं। योगी सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण की रक्षा के लिए उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन एवं निर्माण की राह आसान करने के लिए 2019 में उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग नीति-2019 को लागू किया था। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश में अगस्त-2018 से ही इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री शुरू हो गई थी। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग नीति-2019 लागू होने के बाद प्रदेश में इसके निर्माण की राह आसान हुई और अब देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की दौड़ में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। इस समय आगरा में करीब 33 हजार इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर है और हर माह इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

**- 33 हजार से इलेक्ट्रिक वाहन दौड़ रहे सड़कों पर**

सरकारी आंकड़ों के मुताबित आगरा में करीब 33 हजार इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर दौड़ रहे है। आगरा में वर्ष 2022-2023 में 6524 इलेक्ट्रिक वाहनों और वर्ष 2023-2024 में 6524 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई। वहीं 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक 8904 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हो चुकी है। वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों की सैकड़ों की संख्या में फाइल रजिस्ट्रेशन के लिए आरटीओ कार्यालय में रखी हुई है। इनमें इलेक्ट्रिक बस, इलेक्ट्रिक कार, ई-रिक्शा, ई-रिक्शा कार्ट, गुड्स कैरियर, थ्री व्हीलर, थ्री व्हीलर गुड्स, मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रिक स्कूटर, मोपेड एवं मोटराइज्ड साइकिल शामिल हैं।

**- तीन सालों में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ी डिमांड**

ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन, आगरा के पदाधिकारी राम मोहन कपूर ने बताया कि बीते तीन सालों में इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड बढ़ी है। दीपावली के पर्व पर शहर मे इलेक्ट्रिक स्कूटर, इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर, इलेक्ट्रिक रिक्शा और कार की मांग तेजी से बढ़ी है। लोग इलेक्ट्रिक वाहनों को पसंद कर रहे है। विभिन्न कंपनियों के मॉडल की विशेषता, रफ्तार, बैटरी लाइफ जानने खरीदार पहुंच रहे हैं। वर्ष 2024-25 में 2693 इलेक्ट्रिक स्कूटर, 4301 इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर (पैसेंजर), 1035 ई-रिक्शा और 223 इलेक्ट्रिक कार की बिक्री हुई है। हर महीने औसतन 600 से 700 इलेक्ट्रिक वाहनों का रजिस्ट्रेशन आरटीओ में हो रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों से शहर की आबोहवा में भी सुधार देखने को मिल रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन विक्रेता ने बताया कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन की मांग तेजी से बढ़ी है। लोगों को इलेक्ट्रिक स्कूटर लुभा रहे है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन एक बार चार्ज होने पर लगभग 100 से 130 किलोमीटर चलता है। इसमें सेफ्टी फीचर अधिक हैं। पर्यावरण के लिहाज से भी बहुत अच्छा है।

**- इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सरकार दे रही सब्सिडी**

इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन के लिए सब्सिडी दी जा रही है। केंद्र सरकार के द्वारा इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर 10 हजार रुपये और राज्य सरकार के द्वारा पांच हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। वहीं चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहन की खरीद पर एक लाख तक की सब्सिडी दी जा रही है। उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी को भी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जर/ चार्जिंग स्टेशनों पर भी जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।


## सनातन समाज के सभी वर्ग मिलकर करें सामाजिक समरसता को सशक्त बनाने पर काम - दिनेश भारद्वाज

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** एअर कंडीशन कमरे में बैठकर देश चलाने वाले समाज के दर्द को नहीं समझ पाते, वामपंथी, कांग्रेसी, समाजवादी, जिस विष का वमन कर समाज में विघटन पैदा कर रहे हैं, उस विष को भगवान शिव की भांति पीकर समाज को गले लगाकर विषमता दूर करने का दायित्व हमारा आपका और सभी राष्ट्र भक्तों का है। जिस प्रकार कांग्रेस सरकार ने जातिगत आरक्षण दिया, अगर आर्थिक आधार पर दिया होता तो सभी का विकास हो जाता, आज मात्र ग्यारह रुपये दक्षिणा से किसी ब्राह्मण का परिवार नहीं चल सकता, लेकिन जातिगत आरक्षण की स्थिति में सिवाय भूखा सोने के कुछ कर भी नहीं सकता और कांग्रेस ने ही अनुसूचित जाति जनजाति उत्पीड़न निरोधक अधिनियम बनाया इसके स्थान पर जातिगत उत्पीड़न निरोधक अधिनियम बनाया होता तो सभी को न्याय मिलता। झूठा मुकदमा दर्ज कराने वाले पर एक लाख से पांच लाख तक का जुर्माना होता और किसी का उत्पीड़न नहीं होता। यह उद्गार विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ नेता लोकतंत्र सैनानी अधिवक्ता कवि एवं कलमकार दिनेश भारद्वाज ने कांग्रेस के नीती निर्धारकों द्वारा थोपी गई विघटनकारी नीतियों को कोसते हुए व्यक्त किए। वे सामाजिक समरसता और आरक्षण के अभिषाप पर बोल रहे थे। उन्होंने सनातनी समाज से आव्हान करते हुए अपने फेसबुक पोस्ट पर लिखा कि सामाजिक समरसता को सशक्त बनाने पर सनातन समाज के सभी वर्ग मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और नागरिकों को सामाजिक समरसता का महत्व बताना आवश्यक कदम है, जिसे हर सनातनी को अपने-अपने स्तर से उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रविरोधी ताकतें भारत भूमि को गृहयुद्ध की आग में झोंकने की साज़िश में लिप्त है, जिसकी एक बानगी पश्चिम बंगाल में साफ़ देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक आतंकवाद राष्ट्र और समाज के लिए बड़ा ख़तरा है, जिसके समूल नाश के लिए जागरूक समाज को मिलकर आगे आना होगा।

## विधायक चौधरी बाबूलाल ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, बताई जनसमस्याएं



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। विधायक चौधरी बाबूलाल ने सीएम को विधानसभा फतेहपुर सीकरी में राजस्थान सीमा से लगे पांच दर्जन से अधिक गांवों में सिंचाई की समस्या से अवगत कराया। विधायक चौ. बाबूलाल ने मुख्यमंत्री को बताया कि खेतों की सिचाई के लिए कोई साधन नहीं होने के कारण खेत बंजर पड़े हैं।मुख्यमंत्री ने समस्याओं का हल कराने का आश्वासन दिया हैं।

## वाहन पार्किंग, जलपान एवं केन्टीन ठेके की नीलामी कलेक्ट्रेट सभागार में 26 अप्रैल को

**आगरा।** अपर जिलाधिकारी (प्रो0)/प्रभारी अधिकारी (नजारत) श्री प्रशांत तिवारी ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के लिये वाहन पार्किंग, जलपान, केन्टीन, नीबू पानी, फलचांट एवं सर्दियों में कॉफी का पृथक-पृथक ठेके की नीलामी दिनांक 26.4.25 को अपरान्हः 12 बजे कलक्ट्रेट सभागार में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में की जायेगी। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि इच्छुक बोलीदाता नियत दिनांक व समय पर उपस्थित होकर, नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। बोलीदाता को नीलामी से पूर्व अर्नेस्टमनी के रूप में वाहन पार्किंग हेतु रूपया 1,00,000/- तथा जलपान (केन्टीन) हेतु 50,000/- की धनराशि जमा किया जाना आवश्यक होगा।

## रक्त संग्रह अभियान चलाकर सैनिकों का मनोबल बढ़ाएगी हिन्दू महासभा, पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई की मांग की

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने पहलगांव में इस्लामिक शांतिदूतों द्वारा 27 हिंदुओं की उनका धर्म पूछकर नृशंस हत्या करने पर भारत सरकार से सैन्य हमला कर पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने की मांग की है। यह मांग करने के 24 घंटे के अंदर भारत पाकिस्तान युद्ध की आशंका को देखते हुए रक्त संग्रह अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी की राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री केशव चंद्र मल्होत्रा, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजू पार्चा, प्रदेश महामंत्री शिवा गोस्वामी के साथ हिन्दू महासभा कार्यालय में हुई वार्ता के बाद लिया गया। राष्ट्रीय प्रवक्ता बीएन तिवारी ने सांध्य पहल को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री केशव चंद्र मल्होत्रा ने वार्ता में कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादी हमला बताना देश को गुमराह करने का घातक अपराध है। यह पाकिस्तानी मुसलमानों द्वारा भारत के हिंदुओं पर हमला था। उनका। धर्म पूछकर मारा गया जो प्रमाणित करता है कि पाकिस्तान ने अप्रत्यक्ष रूप से युद्ध आरंभ कर दिया है। इस युद्ध का अंत पाकिस्तान नामक आतंकवादी राष्ट्र के अंत के साथ करना भारत के लिए जरूरी हो गया है। ऐसे में युद्ध होने की संभावना प्रबल है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी को संभावित युद्ध की परिस्थितियों को देखते सैनिकों का मनोबल बढ़ाने एवं घायल होने वाले सैनिकों के जीवन रक्षा के लिए रक्त संग्रह करने का परामर्श दिया। राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री केशव चंद्र मल्होत्रा के प्रस्ताव को मान लिया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने सभी प्रदेशाध्यक्षों को अपने अपने सभी जिलों और नगरों महानगरों में सैनिकों के लिए रक्त संग्रह हेतु रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए देश के हर नागरिक को अपना रक्त देना होगा। रक्तदान शिविरों के माध्यम से एकत्र होने वाला यह रक्त सैनिक ब्लड बैंक के सुरक्षित रखा जाएगा। सीमा पर लड़ने वाले सैनिकों के घायल होने पर उनका जीवन बचाने में देशवासियों से संग्रहीत रक्त का उपयोग किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सैनिकों की जीवन रक्षा के लिए पृथक सैनिक ब्लड बैंक बनाने और समस्त देशवासियों से देश और उसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए रक्तदान करने की अपील जारी करने की मांग की। हिन्दू महासभा ने इस आशय का एक वीडियो संदेश भी जारी किया है। बी एन तिवारी ने कहा कि रक्तदान शिविरों से जहां सैनिकों के लिए रक्त संग्रह होगा, वहीं देश की जनता को देशभक्ति के साथ उनके रक्तदान से देश और सनातनियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके रक्त के योगदान का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में हर भारतवासी के रक्त की जरूरत है। सैनिकों के लिए रक्तदान की प्रवृति को प्रोत्साहित करके हम अपने योद्धा सैनिकों के प्राण बचाने के साथ अपनी सैन्य शक्ति और अपनी सुरक्षा तंत्र को प्रभावशाली बलशाली बना सकते हैं।

## दहेज की मांग से तंग आकर विवाहिता ने की आत्महत्या

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** दहेज लोभियों की हवस का आज एक और युवती शिकार बन गई। उसने फाँसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पत्नी द्वारा आत्महत्या कर लेने पर पति ने कानूनी शिकंजे से बचने को थाने पर पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया है। बाकी के ससुरालीजन फरार हो गए हैं। थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के गढ़ी भदौरिया निवासी नितिन की शादी तीन साल पहले वर्ष 2022 में रचना उर्फ वर्षा के साथ हुई थी। मृतिका के चचेरे भाई विवेक ने बताया कि नितिन का जूते बनाने की फैक्ट्री थी। शादी में परिवार वालों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। विवेक ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद ही रचना को ससुरालीजनों ने और दहेज लाने के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। शादी के कुछ समय बाद रचना के पति को उनके परिवार वालों ने एक लाख रुपये भी दिए। लेकिन इसके बावजूद रचना का शोषण नहीं रुका। विवेक ने बताया कि नितिन रोज शराब के नशे में रचना को मारता पीटता था। इस मामले को लेकर उनका परिवार समाज के लोगों को ले जाकर कई बार पंचायत भी कर चुका था। इसके बावजूद रचना के ससुरालीजनों का व्यवहार नहीं बदला। वे दो लाख रुपये की मांग करने लगे। रोज-रोज की कलह से तंग आकर रचना ने फाँसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। विवेक ने बताया कि पड़ोसी का फोन पहुंचने पर वे लोग वहां पहुंचे तो घर से सभी लोग फरार हो चुके थे। जब वे घटना की जानकारी देने थाने पहुंचे तो वहां पहले से ही मृतिका का पति नितिन पुलिस अभिरक्षा में बैठा हुआ था। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पुलवामा हमले का जमकर विरोधः पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए, खून का बदला खून से लेने की उठाई मांग

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** हिंदुत्व एकता के द्वारा कश्मीर के पहलगांव में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में गुरुद्वारा गुरु के ताल से शांति पैदल यात्रा निकालकर अपना विरोध प्रदर्शन जताया गया। शांति पैदल यात्रा गुरुद्वारा गुरु के ताल से प्रारंभ होकर सिकंदरा चौराहे पर संपन्न हुई। इस दौरान हिंदुत्व एकता के लोगों ने जमकर पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए खून का बदला खून से लेने की केंद्र सरकार से मांग उठाई। डॉक्टर बीके सिंह और डॉक्टर प्रियांक सिंह के द्वारा केंद्र सरकार से आतंकी हमले के विरोध में कड़ा रुख अपनाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान डॉ राजीव कौशल, डॉक्टर शैलेंद्र साहू, डॉ तरुण, डॉ पीके यादव, डॉक्टर संदीप अग्रवाल, डॉ योगेन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य रहे मौजूद।

## टीडी टीकाकरण अभियान का सीएमओ ने किया शुभारंभ


सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** प्राथमिक विद्यालय नया घेर में गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने स्कूल आधारित विशेष टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। 24 अप्रैल से 10 मई तक चलने वाले अभियान में कक्षा पांच (10 साल के बच्चे) एवं कक्षा 10 (16 साल के बच्चे) के बच्चों को टीडी के टीके लगाये जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि डिप्थीरिया (गलघोंटू) एक संक्रामक बीमारी है जो कि बैक्टीरिया के कारण होती है। इसलिए सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों को टीका लगाया जायेगा। उन्होंने सभी अभिवावक व शिक्षकों से अपील की कि कक्षा पांच व कक्षा दस में पढ़ने वाले बच्चों को टीडी का लगवाने के लिए प्रेरित करें और अभियान के दौरान उनका टीकाकरण अवश्य कराएँ। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.उपेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 3676 विद्यालय के कक्षा-5 के 70893 व कक्षा-10 के 49235 बच्चों को टीडी के टीके लगाए जाने लक्ष्य रखा गया है। सभी विद्यालयों में कक्षा पांच में पढ़ने वाले बच्चों का टीडी-10 का और कक्षा 10 के बच्चों को टीडी-16 का टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल स्वास्थ्य विभाग को कक्षा-5 व कक्षा-10 में पढ़ने वाले विधार्थियों का ब्योरा स्वास्थ्य विभाग को देगा। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा टीकाकरण करने के पश्चात् विनविन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मॉनीटरिंग व सपोर्टिव सुपरविजन करके सत्र का संचालन किया जाएगा। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा मेघना शर्मा ने बताया कि बुखार, जुकाम, सर दर्द, नाक का बहना, गले की ग्रंथियों में सूजन, कमजोरी और कब्ज होना डिप्थीरिया के लक्षण हैं। इससे बचाव के लिए टीकाकरण कराना अति आवश्यक है। डेढ़ माह, ढाई माह, साढ़े तीन माह में पेंटावेलेंट का टीका लगवाना। इसके बाद 16 से 24 माह और पांच से सात वर्ष की आयु के बीच में डीपीटी का बूस्टर लगवाना। इसके अलावा 10 और 16 साल की आयु में टीडी का टीका लगवाना चाहिए। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने डिप्थीरिया के प्रति जागरुक करने वाले पोस्टर बनाए। कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन की एसएमओ डॉ. महिमा चतुर्वेदी, यूनिसेफ के डीएमसी राहुल कुलश्रेष्ठ, जे.एस.आई संस्था के प्रोग्राम ऑफिसर नितिन खन्ना, नया घेर प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका मंजू चिंगियानी, समाज सेविका सुमन सुराना आदि मौजूद रहे।



## पिता ने मोबाइल तोड़ा तो बेटी ने सुसाइड किया: पिता जैसे घर से निकला, फांसी लगाकर जान देदी

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आगरा में एक 17 साल की लड़की ने सुसाइड कर लिया है। कारण बताया जा रहा है कि पिता ने लड़की को मोबाइल नहीं दिया, बल्कि जमीन पर पटक दिया। जिससे मोबाइल टूट गया। इस घटना से आहत लड़की ने घर पर ही फांसी लगा ली। लगंडे की चौकी के चार खंभा में हरीशंकर अपनी पत्नी, 17 साल की बेटी मालती और बेटे के साथ हते हैं। हरीशंकर पेंट का काम करते हैं। उनके घर में एक ही मोबाइल है। घर का टीवी खराब हो गया था। हरीशंकर घर से काम पर जा रहे थे। बेटी के पास मोबाइल था। उन्होंने अपनी बेटी से मोबाइल मांगा। बेटी ने कहा कि टीवी खराब है, तो मोबाइल घर पर ही छोड़ जाएं।

**फंदे पर लटक गई**

हरीशंकर ने बेटी के हाथ से मोबाइल लेकर जमीन पर पटक दिया। इससे मोबाइल टूट गया। वो गुस्से में बेटी को खाना बनाने को कहकर काम पर चले गए। हरीशंकर की पत्नी टायलेट में थी। बेटा घर से बाहर खेलने गया हुआ था। पत्नी टायलेट से निकलकर कमरे में पहुंची तो देखा की बेटी मालती फंदे पर लटकी हुई है। पत्नी ने देखते ही शोर मचाया। आसपास के लोग आ गए। उसे फंदे से उतारा गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## नाबालिग ने हथियार के साथ बनाया वीडियोः पोस्ट से सामाजिक माहौल बिगड़ने का खतरा, युवक पर कड़ी कानूनी कार्रवाई का आदेश

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** अछनेरा में सोशल मीडिया पर एक नाबालिग द्वारा हथियार के साथ बनाया गया वीडियो वायरल हो रहा है। गुरुवार को सामने आए इस वीडियो में युवक फिल्मी गाने पर हथियार लहराता दिख रहा है। वीडियो में शाहरुख नाम का उल्लेख किया गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव से सामने आए इस मामले ने पुलिस को सतर्क कर दिया है। पुलिस प्रशासन की तरफ से जारी एडवाइजरी में स्पष्ट किया है कि, इस तरह की गतिविधियां अपराध की श्रेणी में आती हैं। युवाओं को चेतावनी दी गई है कि वे सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए ऐसी हरकतें न करें।पुलिस के अनुसार, इस तरह की पोस्ट से सामाजिक माहौल बिगड़ने का खतरा है। युवाओं में हथियारों का बढ़ता क्रेज चिंता का विषय बन गया है। साथ ही ऐसी भ्रामक और अनैतिक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल वायरल वीडियो की जांच की जा रही है।पुलिस प्रशासन की युवाओं से अपील है कि, वे अपने भविष्य पर ध्यान दें और इस तरह की गतिविधियों से दूर रहें।

## हां भाई कहा और मार दी युवक को गोली : सरेराह 3 हमलावरों ने दिया घटना को अंजाम, एक्टिवा पर सवार होकर आए थे हमलावर

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आगरा में 3 हमलावरों ने सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम दे डाला। घटनास्थल से थोड़ी दूर एक्टिवा खड़ा कर पैदल आए हमलावरों ने रेस्टोरेंट पर काम करने वाले युवक से बोला हां भाई। जवाब में युवक ने भी %हां भाई% बोला इसके बाद 3 में से एक हमलावर ने युवक को गोली मार दी। पास में खड़े दूसरे युवक पर भी फायर किया लेकिन वह बच गया। उसके छर्रे लगे। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर हवा में तमंचा लहराते हुए एक्टिवा से फरार हो गए। जिस युवक को गोली लगी थी, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

**रेस्टोरेंट बंद करने क चल रही थी तैयारी**

घटना बुधवार रात लगभग 12 बजे की है। ताजगंज थाना क्षेत्र नुनिहाई निवासी 27 वर्षीय गुलफाम अपने रिश्तेदार शाहिद अली के शिल्पग्राम रोड स्थित रेस्टोरेंट पर काम करता था। रात को रेस्टोरेंट बंद करने की तैयारी चल रही थी। गुलफाम अपने साथियों के साथ रेस्टोरेंट के बाहर सड़क किनारे खड़ा था। तभी एक्टिवा सवार 3 हमलावर आए। उन्होंने एक्टिवा रेस्टोरेंट से थोड़ा आगे खड़ा किया। वे पैदल आए और गुलफाम को गोली मार दी। गुलफाम मौके पर ही ढेर हो गया।

**एक और युवक पर किया फायर, बच गया**

इसके बाद उन्होंने पास में ही खड़े रेस्टोरेंट पर काम करने वाले एक अन्य युवक सैफ अली पर निशाना साधा लेकिन उसे गोली नहीं लगी। उसके छर्रे लग गए। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर तमंचा लहराते हुए मौके से फरार हो गए। मौके पर मौजूद शाहिद तथा अन्य लोगों ने शोर मचाया तो आसपास भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस हत्या का कारण जानने में जुटी है। मौके पर मौजूद शाहिद अली ने बताया कि वे हमलावरों को नहीं पहचान पाए। गुलफाम की शादी हो चुकी है। उसके 3 बच्चे हैं।

**आरोपियों को पकड़ने के लिए लगीं 4 टीमें**

ताजगंज थाना प्रभारी राज नारायण ने बताया कि शाहिद की तहरीर पर अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। गुलफाम की भी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। फिर भी गुलफाम के दोस्तों और रिश्तेदारों से बात की जा रही है। रेस्टोरेंट और आसपास के दो तीन दिन पुराने सीसीटीवी भी देखे रहे हैं। आरोपियों को पकड़ने लिए चार टीमों को लगाया गया है। जल्द ही आरोपी पकड़ में होंगे। पुलिस प्रेम प्रसंग के एंगल पर भी जांच कर रही है।

## पंचायतीराज दिवस पर देखा पीएम का लाइव प्रसारण

**हाथरस।** कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायतीराज दिवस मनाते हुए सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, सादाबाद विधायक प्रदीप चैधरी, जिलाधिकारी राहुल पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी सुरेश चंद्र केसरवानी, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में ग्राम स्वराज, पारदर्शिता, जनभागीदारी, एवं स्थानीय विकास की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायक को प्रशस्ति पत्र एवं एवं स्मृति चिन्ह प्रदान देकर सम्मानित किया गया। विधायक एवं जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में पंचायती राज प्रणाली को लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए इसे और अधिक सशक्त करने पर बल दिया। समारोह का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना तथा ग्राम पंचायतों की भूमिका को सराहना एवं प्रेरणा प्रदान करना था। कार्यक्रम में रास्ट्रीय लोकदल जिलाध्क्षय श्याम सिंह, परियोजना निदेशक राजेश कुरील, जिला सूचना अधिकारी प्रदीप कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत संतोष कुमार त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी, नोडल अधिकारी सुबोध सुबोध जोशी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सासनी बिहारी लाल के साथ साथ सचिव एवं प्रधान, जिला पंचायत से इंजीनियर, जिला परियोजना प्रबन्धक, जिला कन्सल्टेन्ट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं ई.डी.एम. मनोज उपाध्याय, मा0 जनप्रतिनिधिगणों एवं अन्य गणमान्य अतिथि आदि उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## खूबसूरत वादी -ए-कश्मीर में आतंकी हिंसा का तांडव

कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण नरसंहार की खबर सुनकर सारी रात नींद नहीं आयी। धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले इस भूखंड के सबसे खूबसूरत हिस्से में हुए इस आतंकी कुकृत्य में दो दर्जन से अधिक उन निरीह युवाओं की जान चली गयी जो अपना घर-संसार बसाने से पहले अपने साथ कुछ सुनहरी यादें समेटने यहां आये थे। इस नराधम कार्रवाई से देश ही नहीं पूरी दुनिया स्तब्ध है। इस हादसे की निंदा करने के लिए भी शब्द कम पड़ रहे हैं। पूरी घाटी आने वाले काले दिनों के खौफ से जार-जार हो उठी है। पहलगाम का नरसंहार एक दुःस्वप्न की तरह हमारे सामने है। पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 लोग मारे गए, जिसमें दो विदेशी और दो स्थानीय शामिल है। मृतकों में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल शहीद हो गए। हाल ही में शादी के बाद वे हनीमून पर पत्नी संग पहलगाम गए थे। हमले में उनकी पत्नी सुरक्षित बचीं। यह हमला पहलगाम के बैसरन घाटी में हुआ, जहां अक्सर पर्यटक आते हैं। इस इलाके में केवल पैदल या घोड़ों से ही पहुंचा जा सकता है। लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इस अकल्पनीय हत्याकांड के लिए कौन जिम्मेदार है और कौन नहीं इसकी मीमांसा बाद में हो जाएगी ,लेकिन अभी तो ये तय करना है कि इसकी वजह क्या है ? इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस समय देश सबसे बड़े संक्रमण काल से गुजर रहा है।इस बीच अब कश्मीर घाटी भी एक बार फिर धधक उठी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कहा है कि गुनहगारों को बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवादियों की कायराना हरकत का जवाब देने के लिए भारतीय सेना तैयार है। हमारी सेना तो पहले भी आतंकवादियों से लगातार जूझ ही रही थी ,उसके हाथ किसी ने बांधे थोड़े ही थे। फिर ये हादसा हुआ इसका अर्थ है कि रणनीति में कहीं कोई झोल रह गया। यानि हमारा खुफिया तंत्र एक बार फिर नाकाम साबित हुआ। सवाल ये है कि जब हमारी सरकार एक बार सर्जिकल स्ट्राइक कर चुकी है फिर ये आतंकी कहाँ से आ गए ? सरकार को पता था कि पहलगाम हत्याकांड का मुख्य मास्टर माइंड सैफुल्लाह खालिद ताजा आतंकी हमले से दो महीने पहले ही पाकिस्तान के पंजाब के कंगनपुर पहुंचा था, जहां पाकिस्तान सेना की एक बड़ी बटालियन रहती है। वहां पाक सेना के एक कर्नल जाहिद जरीन खटक ने उसे जेहादी भाषण देने के लिए बुलाया था। उसके वहां पहुंचने के बाद खुद कर्नल ने उस पर फूल बरसाए थे। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सरकार सक्रिय हुई है।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह से फोन पर बातचीत की। उन्होंने इस घटना पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए। अमित शाह ने भी कहा है कि इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर पहुंचकर सभी एजेंसियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की है । अब नतीजों का इन्तजार करना होगा फिलहाल तो केसर की क्यारी के नाम से मशहूर खूबसूरत वादी-ए-कश्मीर भय और आतंक के साए में है और पूरा देश इस जघन्य आतंकी गतिविधि से हतप्रभ एवं उत्तेजित है।

# देश की अखण्डता बनाए रखने के लिए आवश्यक है सामाजिक समरता

(विवेक रंजन श्रीवास्तव -विनायक फीचर्स)



प्रश्न है देशों का निर्माण कैसे हुआ ? भौगोलिक स्थितियों के अनुसार लोगों का रहन सहन लगभग एक समान ही होता है। नदियों , पहाड़ों , रेगिस्तानों जैसी प्राकृतिक बाधाओं ने प्राचीन समय में देशों की सीमायें निर्धारित की। इतिहास साक्षी है कि एक ही विचारधारा और धर्म के मानने वाले भी एक ही राज्य के झंडे तले एकजुट होते रहे हैं। विस्तार वादी नीतियों से जब युद्ध राजधर्म सा बन गया तो सेनाओं को एकजुट रखने में भी धर्म का उपयोग किया गया। पिछली सदी में जब दुनिया में लोकतांत्रिक मूल्यों का महत्व बढ़ा तो ,विस्तारवादी युद्धों की वैश्विक भर्त्सना होनी शुरु हुई। पर किंबहुना आज भी देशों के नक्शे क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति,राष्ट्रों की शक्तिसंपन्नता , वैचारिक और धार्मिक आधारों पर ही तय हो रहे हैं। भारत एक लोकतांत्रिक विश्व शक्ति है। हमारा संविधान हमें धार्मिक स्वतंत्रता देता है। संविधान के अनुच्छेद (25-28) के अंतर्गत धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार वर्णित हैं, जिसके अनुसार नागरिकों को अंत:करण और धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स?वतंत्रता, धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स?वतंत्रता , किसी विशिष?ट धर्म की अभिवृद्धि के लिए करों के संदाय के बारे में स?वतंत्रता तथा धार्मिक शिक्षा संस?थाओं में धार्मिक शिक्षा या धार्मिक उपासना में उपस्थित होने के बारे में भारत के हर नागरिक को संविधान द्वारा स?वतंत्रता प्रदान की गई है ।

हमारा संवैधानिक स्वरूप धर्म निरपेक्ष है,किंतु फिर भी देश में राजनीति धर्म आधारित ही है। चुनावों में सरे आम धार्मिक ध्रुवीकरण के आधार पर वोटों का अंदाजा लगाकर पार्टियां उम्मीदवार तय करती हैं , मीडिया जातिगत वोटो की खुले आम चर्चा करता है पर चुनाव आयोग मौन रहता है ! मुझे लगता है देश में संविधान को गिने चुने लोगों द्वारा आम जनता पर थोपा गया है , यह ठीक रहा क्योंकि संविधान व्यापक रूप से जनहितकारी है , पर जनमानस से ऐसे उदार संविधान की मांग उठने से पहले ही संविधान बना दिया गया जिसके चलते आम आदमी संविधान के महत्व से अपरिचित है , और इतर संवैधानिक गतिविधियों में संलग्न है। आज जरुरत लगती है कि देश की जनता को संविधान से परिचित करवाने के लिये अभियान चलाया जाये . जिससे आज के युवा नागरिक भी अपने संविधान पर गर्व करें और तद्अनुसार आचरण करें।

कश्मीर से हिंदू पंडितो का विस्थापन , और अब उन्हें पुनः वहाँ बसाने को लेकर राजनीति निरंतर गर्माती रहती है। पूर्वोत्तर के राज्यों में ईसाई धर्म का बाहुल्य है,और विदेशी ताकतें व ईसाई मिशनरियां धर्म के आधार पर वहां एकजुटता बनाकर देश विरोधी संगठन खडे करती रहती हैं। तमिलनाडु में धर्म के आधार पर ही श्रीलंका से सिंहली कनेक्शन रहे हैं ,पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या इसका ही दुष्परिणाम था।

केरल में क्रिश्चेनिटी के कारण ही एक ही दल लगातार सत्ता पर बरसों से काबिज बना रहा है। हिंदी बहुल क्षेत्रों की बात की जाये तो धर्म ही नहीं जाति के आधार पर भी ध्रुवीकरण की तस्वीर साफ दिखती है। राजनीतिक पार्टियां खुलकर जातिगत राजनीति का खेल खेलती हैं। उत्तर प्रदेश में राम मंदिर के निर्माण को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ा गया, दलितों की अलग राजनैतिक पार्टी ही बन जाये और राजनेताओ द्वारा मुस्लिम तुष्टीकरण से वोट पाने की होड़ लगाई जाये तो राष्ट्रवादी समझ में यह संविधान का मजाक है जो सरे आम ताल ठोंककर राजनेता उड़ा रहे हैं व आम जनता दिग्भ्रमित है। धार्मिक दंगे उन्हीं क्षेत्रो में होते हैं जहां किसी एक धर्म या जाति का बाहुल्य है,मुर्शिदाबाद का उदाहरण ताजा है। आबादी की धार्मिक समरसता व संतुलन से मिलनसारिता बढ़ती ही है। ऐसा सारे देश में किया जाना जरूरी है। कश्मीर में हिंदू पंडितों के लिये सैनिक सुरक्षा में अलग कालोनी बसाने की बात कुछ ऐसी है जैसे वहां के मुसलमान कोई अलग हों ! मैं 2016 में कश्मीर घूम कर लौटा , यद्यपि यह सही है कि मैं वहां टूरिस्ट था और टूरिज्म आधारित व्यवसाय होने के कारण मेरे साथ संपर्क में आये मुसलमानों का व्यवहार हमारे प्रति अतिरिक्त रूप से उदार रहा होगा , पर जब एक ही शहर में रहना हो , साथ साथ जीना हो तो किसी जाति विशेष के लिये बिल्कुल अलग कालोनी बसाने के प्रस्ताव का कोई भी समझदार व्यक्ति समर्थन नहीं कर सकता। कश्मीर में इस तरह की घटिया राजनीति करने की अपेक्षा वहां स्थाई रुप से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट की आवश्यकता है ।

## शब्द सामर्थ्य -028

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 027 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | जां | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## सू- दोकू क्र.028

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.027 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# कहानी

## सम्मान के साये

(विनोद भगत 'आंगिरस' )

छोटे से कस्बे शीकापुर में दो मित्र साथ-साथ स्कूल जाते थे-रघु और अमित। दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते, लेकिन स्वभाव एकदम विपरीत। रघु तेजतर्रार, उद्दंड और मारपीट में आगे, जबकि अमित शांत स्वभाव का, पढ़ाई में अव्वल और शिक्षकप्रिय।



रघु को अक्सर स्कूल से निकाले जाने की धमकी मिलती, जबकि अमित हर पुरस्कार समारोह में मंच पर होता। रघु बहुत ही शरारती या यूं कहें अभद्र और उद्दंड स्वभाव का था। कक्षा में शिक्षक ने उसकी किसी शरारत पर उसे डांटा। लेकिन उद्दंड रघु ने शिक्षक को अपशब्द कहे, पूरी कक्षा सहमी रही। शिक्षक बुरी तरह क्रोधित हो गये। उन्होंने प्रधानाचार्य को सारे मामले से अवगत कराया। रघु की उद्दंडता देखिए कि उसने प्रधानाचार्य को भी अपशब्द कहे। दरअसल कस्बे के एक राजनीतिक नेता का रघु के परिवार को वरदहस्त प्राप्त था जिसके नाम पर न केवल रघु वरन उसका पूरा परिवार कस्बे में अपना दबदबा कायम रखता था। स्कूल में हमेशा एक बात दोहराई जाती थी- रघु का तो कुछ नहीं होगा, और अमित अपनी मेधावी प्रकृति के चलते यश प्राप्त कर देश का नाम रोशन करेगा। रघु की उद्दंडता लगातार बढ़ती रही। जबकि अमित अपनी तीव्र बुद्धि के बल पर शिक्षा में उन्नति के आयाम प्रतिस्थापित करता रहा। 10वीं के बाद अमित शहर चला गया। रघु ने पढ़ाई छोड़ दी और किसी लोकल नेता के पीछे लग गया, जिसने उसमें जोश देखा, दिशा नहीं। रघु ने शराब की अवैध बिक्री शुरू कर दी। एक दो बार वह जेल भी गया लेकिन नेता का प्रभाव कहें या व्यवस्था की कमी वह हर बार साफ बच कर आता रहा। हां पुलिस ने कई बार उसे पीटा भी। इस बीच वह अपने नेता की पार्टी में पदाधिकारी भी बना दिया गया। अब तो रघु और भी आक्रामक हो गया। आंदोलनों के नाम पर धरना प्रदर्शन में भाग लेना और तोड?ड़ करना उसका नियम बन गया। स्थानीय जनता में वह दबंग नेता के रूप में चर्चित हो गया। शुरू में रघु ने कुछ चुनाव भी लड़े जिनमें उसे सफलता नहीं मिली। उधर अमित ने प्रशासनिक सेवा की तैयारी शुरू की, संघर्ष किया, और आखिरकार वह आईएएस अफसर बना। समय बीतता रहा। आईएएस अमित अब जिलाधिकारी के पद पर पहुंच चुका था। समय के साथ और अपने प्रशासनिक दायित्व को निभाते निभाते अमित रघु को बिल्कुल भुला चुका था। एक दशक बीत गया। अब अमित जिस जिले का जिलाधिकारी था वहाँ एक दिन उसके पास सूचना आती है प्रदेश के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री श्री रघु यादव जिले के दौरे पर आ रहे हैं। रघु नाम सुनकर अमित कुछ चौंका उसे अपने बचपन के शरारती और उद्दंड मित्र रघु की याद आ गई। लेकिन उसने वह नहीं सोचा जो होने वाला था। हेलीपैड पर मंत्री जी के स्वागत की तैयारियाँ होती हैं। पुलिस सुरक्षा के बीच कार्यकर्ताओं की भीड़, बैंड-बाजों की गूंज, मंत्री जी जिंदाबाद के नारे। डीएम अमित प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन करते हुए मंत्री जी के आगमन की प्रतीक्षा में खड़े अपने मातहतों को जरूरी दिशानिर्देश दे रहे थे। तभी आसमान में हेलीकॉप्टर की गड?ड़ाहट सुनायी देती है। कार्यकर्ताओं के नारे जोर पकडने़ लगते हैं।

# राशिफल

**मेष**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में फायदा हो सकता है। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज नए संपर्क बनेंगे। किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आपसी बातचीत द्वारा कई परिस्थितियां बेहतर होगी। आज रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। आज अपने ऊपर अतिरिक्त कार्यभार या जिम्मेदारियां ना लें। जीवनसाथी आज आपको कहीं घूमाने ले जायेंगे।

**वृषभ**

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप परिवारवालों के साथ समय बितायेंगें घर में खुशी का महौल बना रहेगा। आज आपका व्यवस्थित और सकारात्मक दृष्टिकोण हर जगह उचित तालमेल बनाकर रखेगा। आज व्यवसाय से संबंधित गतिविधि करते समय अपने कार्य क्षमता पर भरोसा रखें । बिजनेस बढ़ाने के लिए नए शोध और योजनाओं की जरूरत है। घर में धार्मिक आयोजन करवाने की योजनाएं बनेगी। घर के बड़े आपके काम से प्रभावित होंगे।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपकी निजी समस्या सुलझ सकती है। व्यक्तिगत रिश्ते में चल रही समस्याओं को अपने ऊपर हावी ना होने दें। बच्चों की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना जरूरी है। ज्यादा सोच विचार करने से आपकी कार्यप्रणाली पर असर पड़ सकता है। कामकाज निपटाने के नए तरीके आपको मिल सकते हैं । दोस्तों के साथ रिश्ते में सुधार होगा।

**कर्क**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। आज आप अपने राजनैतिक अथवा सामाजिक संपर्कों को और अधिक मजबूत करेंगे । आज कोशिश करने पर मनचाहा कार्य पूरा हो सकता है। परंतु लेनदेन के मामलों में ज्यादा लाभ की उम्मीद ना रखें। दोस्तों की सलाह आज आपके बहुत काम आयेगी। जीवन में खुशियों की प्राप्ती होगी।

**सिंह**

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। आज परिवार के साथ हर्षोल्लास के साथ समय बीतेगा। कार्यकुशलता के दम पर आप वह उपलब्धि हासिल कर लेंगे जिसकी कभी आपने तमन्ना की थी। आज अचानक परिस्थितियां कुछ ऐसी बनेगी कि आपका फंसा हुआ पैसा वापस मिल जाएगा । आपकी सकारात्मक सोच आपको लाभ दिलायेगी। आपके सभी रूके हुए काम बनेंगे।

**कन्या**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज दूसरों के मामले में दखलंदाजी ना करें और ना ही बिन मांगे सलाह द । आज बीती हुई नकारात्मक बातों को दिमाग पर हावी न होने दे, क्योंकि इस वजह से सब कुछ ठीक रहते हुए भी आपको कहीं ना कहीं उलझन महसूस होगी। साथ ही अपनी भावनाओं व क्रोध पर नियंत्रण रखें। आज ऑफिशियल कामों को पूरी गंभीरता से करें। आने वाले दिनों में कामों की योजना बन सकती है।

**तुला**

आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। आपको अपनी मनपसंद कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा। आज आप दिन की शुरुआत में ही अपने खास कार्यों की रूपरेखा बना ले । आपकी सकारात्मक सोच आपको निर्णय लेने में सहयोग करेगी। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे। साथ ही किसी धार्मिक आयोजन का हिस्सा भी बनेंगे। लवमेट आज लंच करने किसी रेस्टोरेंट में जायेंगे। जीवनसाथी आज आपकी तारीफ करेंगे।

**वृश्चिक**

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए फैसला करना कठिन होगा। आज किसी समस्या से आपको राहत मिलने वाली है और परिवार के साथ किसी धार्मिक गतिविधि में समय बीतेगा। जिससे सकारात्मक और ऊर्जावान महसूस करेंगे। भाइयों के साथ रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। कोई काम मनोनुकूल तरीके से ना हो, तो धैर्य बनाएं रखें। आपकी पारिवारिक समस्याओं का समाधान मिलेगा।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए फायदेमंद होने वाला है। आज आपको आय के नए रास्ते सामने नज़र आ सकते हैं। आज ऑफ़िस में किसी सीनियर का सहयोग मिलने से काम में आसानी होगी। विद्यार्थियों को अपने किसी विषय को लेकर की गई मेहनत में सफलता हासिल होगी। आज आपके दाम्पत्य जीवन में मधुरता आयेगी। आज किसी नए कॉन्टैक्ट से आपको ज्यादा फायदा होगा। आज कुछ लोगों को आपकी उदारता पसंद आ सकती है। व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सेहत के मामले में दिन अच्छा है। किसी को अपनी बातों से सहमत करवाना चाह रहे हैं तो सावधान रहें। आज कुछ चुनौतियां सामने आएंगी लेकिन आपकी सूझबूझ से हल भी निकलते जाएंगे। खासकर इस राशि की महिलायें अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से करने में सक्षम रहेंगी। विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों की समस्या हल हो सकती है। बहुमूल्य वस्तु की खरीदारी की इच्छा है, तो अपने बजट पर भी जरूर ध्यान दें।

**कुंभ**

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपकी मेहनत के मुताबिक फल मिलेगा। आज उधार दिया हुआ या फंसा हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आप अपनी योग्यता और प्रतिभा द्वारा विशेष उपलब्धि हासिल करने में सक्षम रहेंगे। पिता या पिता समान किसी व्यक्ति की सलाह और मार्गदर्शन का जरूर अनुसरण करें। आज व्यस्तता के चलते कार्यस्थल पर अधिक समय नहीं दे पाएंगे। परंतु आपके स्टाफ और कर्मचारियों का सहयोग से व्यवस्था उचित बनी रहेगी। कहीं बाहर घूमने जाने का प्लान भी बना सकते हैं।

**मीन**

आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। काम शुरू करने से पहले उस क्षेत्र से जुड़े लोगों की राय जरुर ले लें। आज आपका पिछले काफी समय से रुका हुआ काम हल होने वाला है, जिससे आप राहत महसूस करेंगे। अपना कुछ समय किसी एकांत अथवा आध्यात्मिक स्थल पर भी जरूर व्यतीत करें। विद्यार्थी वर्ग अपना प्रोजेक्ट पूरा होने से गर्व महसूस करेंगे। आज समय अनुसार अपने स्वभाव में बदलाव लाने की जरूरत है। बच्चों पर ज्यादा अंकुश लगाना उनके स्वभाव को और अधिक जिद्दी बना सकता है।

# पहलगाम हमला : राजनीति नहीं अब रणनीति तय करने की आवश्यकता

(संदीप सृजन-विभूति फीचर्स)

पहलगाम की बैसरन घाटी, जिसे मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से जाना जाता है, एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। यहाँ हुए हमले की टाइमिंग कई मायनों में महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, यह हमला तब हुआ जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत के दौरे पर थे। दूसरा, यह अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से ठीक पहले हुआ, जो कश्मीर में पर्यटन और धार्मिक गतिविधियों का प्रमुख समय होता है। तीसरा, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के हालिया बयान, जिसमें उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान की 'जुगुलर वेन' (जीवन रेखा) बताया था, ने इस हमले को एक सुनियोजित भू-राजनीतिक कदम के रूप में देखने का आधार दिया। इस हमले का तरीका भी चिंताजनक है। आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया, उनकी धार्मिक पहचान पूछी, और हिंदू नामों वाले लोगों पर गोलियां चलाईं। यह रणनीति न केवल सांप्रदायिक तनाव को भड़काने की कोशिश थी, बल्कि कश्मीर के पर्यटन उद्योग को नुकसान पहुंचाने और भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करने का प्रयास भी था। यह हमला 2000 के छत्तीसिंहपुरा नरसंहार और 2023 में हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले की याद दिलाता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय आतंकी गठजोड़ की आशंका बढ़ी है। पहलगाम हमले को राजनीतिक चश्मे से देखने की प्रवृत्ति स्वाभाविक है, खासकर तब जब भारत में हर घटना को सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच वोट बैंक की राजनीति से जोड़ा जाता है। कुछ नेताओं ने इस हमले को धार्मिक आधार पर सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की, जबकि अन्य ने सरकार की सुरक्षा नीतियों पर सवाल उठाए। हालांकि, इस दृष्टिकोण से केवल अल्पकालिक राजनीतिक लाभ हो सकता है, लेकिन यह दीर्घकालिक रणनीतिक अवसरों को नजरअंदाज करता है। यह हमला भारत के लिए एक रणनीतिक अवसर है सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने का। पहलगाम हमले ने भारत की सुरक्षा व्यवस्था में खामियों को उजागर किया। खुफिया जानकारी की कमी, पर्यटक स्थलों पर अपर्याप्त सुरक्षा, और आतंकियों की घुसपैठ की आसानी ने सवाल उठाए। यह भारत के लिए अपनी खुफिया एजेंसियों, जैसे रॉ और आईबी, को और सशक्त करने का अवसर है। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और अन्य आतंकवाद-रोधी इकाइयों को पर्यटक स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में स्थायी रूप से तैनात करने की रणनीति पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा, ड्रोन और सैटेलाइट निगरानी जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ाया जा सकता है। इस हमले की निंदा अमेरिका, ब्रिटेन, और यहां तक कि तालिबान ने भी की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। यह भारत के लिए एक अवसर है कि वह वैश्विक मंच पर




पाकिस्तान को आतंकवाद के प्रायोजक के रूप में और अधिक उजागर करे। संयुक्त राष्ट्र और फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) जैसे मंचों पर भारत अपने कूटनीतिक प्रयासों को तेज कर सकता है। साथ ही, हमास और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों के बीच संभावित गठजोड़ की जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाया जा सकता है। भारत ने हमले के तुरंत बाद कड़े कदम उठाए। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (CCS) की बैठक में 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रद्द करने और अटारी सीमा पोस्ट को बंद करने जैसे फैसले लिए गए। यह भारत की पानी की चोट रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और कृषि पर दबाव डालना है। इसके अलावा, भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं रोक दीं, जो एक सांकेतिक कदम है। यह रणनीति पाकिस्तान को आर्थिक और कूटनीतिक रूप से अलग-थलग करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पहलगाम हमला कश्मीर में हाल के वर्षों में स्थापित शांति और पर्यटन की प्रगति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है। यह भारत के लिए एक अवसर है कि वह कश्मीर में विकास परियोजनाओं, जैसे रेलवे और सड़क नेटवर्क, को और तेज करे। साथ ही, स्थानीय युवाओं को रोजगार और शिक्षा के अवसर प्रदान करके आतंकवाद के प्रति उनकी उदासीनता को और बढ़ाया जा सकता है। कश्मीरियों के बीच भारत के प्रति विश्वास को मजबूत करने के लिए सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति की बात दोहराई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की मौजूदगी में हुई उच्च-स्तरीय बैठकों में थल, जल, और वायु सेना के विकल्पों पर चर्चा हुई। यह भारत के लिए सर्जिकल स्ट्राइक या अन्य लक्षित कार्रवाइयों के माध्यम से आतंकी ठिकानों को नष्ट करने का अवसर है। साथ ही, सीमा पर घुसपैठ को रोकने के लिए और सख्त कदम उठाए जा सकते हैं।रणनीतिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए भारत को कई चुनौतियों का सामना करना होगा। पहला, आंतरिक राजनीतिक मतभेद इस प्रक्रिया को जटिल बना सकते हैं। विपक्षी दलों द्वारा हमले को सरकार की विफलता के रूप में चित्रित करना रणनीतिक एकजुटता को कमजोर कर सकता है।

दूसरा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय से निरंतर समर्थन प्राप्त करना कठिन हो सकता है, खासकर तब जब पाकिस्तान अपने कूटनीतिक प्रयासों को तेज करेगा। तीसरा, कश्मीर में स्थानीय आबादी के बीच विश्वास बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि इस तरह के हमले सांप्रदायिक तनाव को बढ़ा सकते हैं। पहलगाम आतंकी हमला एक दुखद घटना है, लेकिन इसे केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से देखना भारत के दीर्घकालिक हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। यह हमला भारत के लिए अपनी सुरक्षा, कूटनीति, और सैन्य रणनीति को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। पाकिस्तान को आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए भारत को आर्थिक, कूटनीतिक, और सैन्य दबाव बढ़ाना होगा। साथ ही, कश्मीर में शांति और विकास को प्राथमिकता देकर आतंकवाद के मूल कारणों को संबोधित करना होगा। यह समय है कि भारत इस त्रासदी को एक रणनीतिक अवसर में बदल दे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और कश्मीर में स्थायी शांति स्थापित हो सके।

# रिचार्ज पिट और रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर कराएं जल संरक्षण : कलेक्टर

## खाद्य सुरक्षा योजना से मृत और स्थाई पलायन करने वालों के नाम काटें : कलेक्टर

**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नगरीय निकायों में ई केवाईसी तथा जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकायों में खाद्य सुरक्षा योजना के शत-प्रतिशत हितग्राहियों की ई केवाईसी कराने के लिए शिविर लगाएं। ई केवाईसी की प्रक्रिया में मृत तथा स्थाई रूप से पलायान करने वाले सदस्यों के नाम पोर्टल से पृथक करें। शेष बचे सदस्यों का ई केवाईसी कराने के लिए घर-घर जाकर सदस्यों का सत्यापन करें। सभी हितग्राहियों की 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से ई केवाईसी करा दें। इसी तरह समग्र आईडी के सत्यापन के लिए भी प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाएं। प्रत्येक सीएमओ हर दिन कम से कम पाँच सौ व्यक्तियों का समग्र पोर्टल में ई केवाईसी दर्ज करके सत्यापन कराएं। समग्र पोर्टल में 30 मई तक शत-प्रतिशत सत्यापन करा दें। बैठक में कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि नगर के जल स्त्रोतों की साफ-सफाई तथा जल संरक्षण के कार्य प्राथमिकता से कराएं। अभियान की अवधि में कम से कम 100 हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट तथा 50 घरों में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर जल संरक्षण का संदेश दें। ट्यूबवेल तथा कुंओं में भी रिचार्ज पिट बनवाकर जल संरक्षण कराएं। इस गर्मी में आपने मेहनत कर ली तो अगली गर्मी आराम से कटेगी। सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमृत-2



योजना के तहत उपयुक्त स्थल में पार्कों का निर्माण कराएं। नलजल योजना के स्वीकृत काम भी तेजी से पूरा कराएं। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना तथा स्वनिधि योजना का क्रियान्वयन भी सीएम डैशबोर्ड में शामिल है। अधूरे आवासों को एक माह की अवधि में पूरा कराकर जानकारी पोर्टल में दर्ज कराएं। आवास निर्माण की राशि लेकर जो हितग्राही आवास नहीं बना रहे हैं उनके विरूद्ध वसूली की कार्यवाही करें। स्वनिधि योजना के पात्र हितग्राहियों को तत्काल राशि जारी कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान तथा ई केवाईसी की प्रगति की हर सप्ताह समीक्षा की जाएगी। सभी सीएमओ अद्यतन जानकारी के साथ टीएल बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि नगरीय निकायों में अब तक 5 लाख 29 हजार 203 सदस्यों में से 2 लाख 16 हजार 412 सदस्यों के समग्र ई केवाईसी का सत्यापन किया जा चुका है। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 80 प्रतिशत सदस्यों का ई केवाईसी कराया जा चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 15 मई तक लक्ष्य के 90 प्रतिशत आवासों को पूरा कराने की समय सीमा दी गई है। बैठक में जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे, जिला प्रबंधक लोक सेवा रविकांत पाण्डेय तथा सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्त्रोतों की सफाई और जागरूकता के हो रहे प्रयास

**रीवा,कासं.।** रीवा और मऊगंज जिलों में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एक ओर जहाँ रैली, जल यात्रा और जल चौपाल के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर जल स्त्रोतों की सफाई कराई जा रही है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत बेढ़ौआ में जागरूकता रैली निकाली गई। तालाब की साफ-सफाई में ग्रामीणों ने श्रमदान किया। साथ ही आमजनता को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। विकासखण्ड रीवा की ग्राम पंचायत पतेरी में आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने गांव में जागरूकता रैली निकाली। इसी तरह ग्राम पंचायत नेबूहा में जल संगोष्ठी और रैली का आयोजन किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान में शिक्षा



विभाग भी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। विभिन्न स्कूलों में साफ-सफाई तथा जल संरक्षण के कार्य कराने के साथ निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से जल संरक्षण के संदेश दिए जा रहे हैं। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता एवं रैली निकालकर पानी बचाने का संदेश दिया। छात्राओं ने आकर्षक चित्र और रंगोली बनाकर जल है तो कल है का संदेश दिया। सीएम राइज स्कूल देवतालाब के विद्यार्थियों ने जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश देते हुए रैली निकाली। शासकीय कन्या हाईस्कूल सेमरिया में छात्राओं ने रैली निकालकर तथा रंगोली बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। इसी तरह सिरमौर विकासखण्ड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के महिला स्वसहायता समूहों ने जल जागरूकता के लिए रैली निकाली। ग्राम पंचायत मझियार में जल चौपाल का आयोजन किया गया।

अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए कई निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत जतरी ने उपयंत्री तथा ग्राम पंचायत सचिव ने खेत तालाब एवं पर्कुलेशन टैंक का निर्माण शुरू कराया। नगर परिषद मनगवां में खटखरा तालाब में साफ-सफाई का कार्य कराया गया। जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत लौरकला में खेत तालाब का निर्माण पूरा किया गया।

नगर परिषद गुढ़ के विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई तथा हैण्डपंपों में सोकपिट बनाने का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत हनुमना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत फूल बजरंग सिंह में उपयंत्री ने खेत तालाब का निर्माण कार्य शुरू कराया। ग्राम पंचायत शिवपुरवा में इंजीनियर बैकुण्ठ शुक्ला तथा अंकिता सोहगौरा ने खेत तालाब एवं पुलिया निर्माण का निरीक्षण किया।

# राष्ट्रीय पंचायत दिवस का आयोजन संपन्न

**रीवा,कासं.।** जिले भर में राष्ट्रीय पंचायत दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। रीवा एवं मऊगंज जिले में जिला स्तर, जनपद पंचायत स्तर तथा समस्त ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायत दिवस से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये गये। समारोह में प्रधानमंत्री जी के विहार में आयोजित कार्यक्रम का सीधा, प्रसारण देखा गया। जिला पंचायत रीवा में अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत के अधिकारों तथा जनप्रतिनिधियों की अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वय से कार्य करने पर चर्चा हुई। स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन तथा जल गंगा संवर्धन



अभियान के तहत जल संरक्षण की गतिविधियों से आमजनों को जोड़ने की बात कही गई। ग्राम पंचायत स्तर में जन सहयोग से गांव की जल संरचनाओं की साफ सफाई व सुधार के कार्य कराने पर बल दिया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत ने अपेक्षा की कि गांवों को सशक्त व सुविधा संपन्न बनाने में सभी सहभागी बनें। संविधान के 73वें संशोधन के लागू होने से पंचायतों को संवैधानिक दर्जा मिलने से लोकतंत्र का जमीनी स्तर पर मजबूत होना पंचायतराज की सफलता है। कार्यक्रम में गत दिनों कश्मीर में हुए हमले में मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा जिला पंचायत के सदस्य एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईटीआई मऊगंज में आज युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन

**रीवा,कासं.।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन के निर्देशन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मऊगंज में 25 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया है। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है।

वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता तथा आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा तथा प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# नशा अपराध की जड़ है : श्री समीर कुमार मिश्रा

**रीवा,कासं.।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में सेंट्रल अकादमी विद्यालय में नशा उन्मूलन के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री समीर कुमार मिश्र ने नशे की लत के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए कहा कि नशे की लत के कारण ही व्यक्ति कमजोर होता है और समाज एवं परिवार की मुख्य धारा से कट जाता है। नशा अपराध की जड़ है, इसलिए युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहना चाहिए। अपने शरीर को स्वस्थ्य रखें व समाज व परिवार की उन्नति हेतु अपना योगदान दें। उन्होनें कहा कि प्रत्येक विद्यालय में एन्टी ड्रग क्लब की स्थापना होनी चाहिए ताकि विद्यालय के विद्यार्थी नशे की लत का शिकार न हो सके। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने नशा उन्मूलन योजनाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के लीगल असिस्टेंट अनीश पाण्डेय ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई बन चुकी है और समाज को इस बुराई से मुक्त कराया जाना आवश्यक है।



## संक्षिप्त समाचार

### विश्व बैंक समूह के प्राइवेट सेक्टर इन्वेस्टमेंट लैब के नए सदस्यों में सुनील मित्तल शामिल

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** विश्व बैंक समूह ने अपने प्राइवेट सेक्टर इन्वेस्टमेंट लैब (पीएसआईएल) के अगले चरण को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह चरण बड़े पैमाने पर बेहतरीन समाधानों को लागू करने पर केंद्रित है और इसके नए सदस्यों में भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल शामिल हैं। इस नए चरण में लैब की मेंबरशिप का विस्तार किया गया है। इसमें विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार सृजन का अनुभव रखने वाले उद्योग जगत के नेताओं को शामिल किया गया है। उद्योग जगत के इन नेताओं के अनुभव के साथ विश्व बैंक रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा, मेंबरशिप बढ़ाने के साथ हम अपने संचालन में इस काम को मुख्यधारा में ला रहे हैं और इसे सीधे रोजगार एजेंडे से जोड़ रहे हैं। बंगा ने कहा, यह कदम प्राइवेट सेक्टर को निवेश का रास्ता दिखाने में मददगार होगा। परिणामस्वरूप निवेश से रिटर्न मिलेगा और अर्थव्यवस्थाओं को समान रूप से ऊपर उठने में मदद मिलेगी। यह हमारे जनादेश का केंद्र है। लैब के नए सदस्यों में बेयर एजी के सीईओ बिल एंडरसन, डांगोटे ग्रुप के प्रेसिडेंट और सीईओ अलिको डांगोटे, हयात होटल्स कॉर्पोरेशन के प्रेसिडेंट और सीईओ मार्क होपलामाजियन शामिल हैं। मित्तल ने कहा, विश्व बैंक समूह दुनिया भर में उभरते बाजारों में अर्थव्यवस्थाओं को विकसित करने और अवसर पैदा करने की पहल के साथ आगे बढ़ रहा है। जैसा कि प्रेसिडेंट बंगा ने कहा है कि प्राइवेट सेक्टर परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे अन्य प्रतिष्ठित व्यावसायिक नेताओं के साथ पीएसआईएल में शामिल होने पर खुशी है। मित्तल ने आगे कहा, मैंने कनेक्टिविटी की पावर को प्रत्यक्ष रूप से देखा है, जो व्यवसायों को बढ़ने और समुदायों को फलने-फूलने के अवसर पैदा कर जीवन को बदल सकती है। मुझे उम्मीद है कि दूरसंचार क्षेत्र की सफलताएं मूल्यवान होंगी क्योंकि पीएसआईएल अपने महत्वपूर्ण कार्य के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है। पिछले 18 महीनों में लैब ने विकासशील देशों में निजी क्षेत्र के निवेश में सबसे अधिक दबाव वाली बाधाओं की पहचान करने और कार्रवाई किए जाने वाले समाधानों का परीक्षण करने के लिए वैश्विक वित्तीय संस्थानों के लीडर्स को एक साथ लाने पर काम किया है।

### भारत 'वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों' के लिए उच्च वृद्धि वाला बाजार बन रहा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारत अब एक आकर्षक बाजार बनता जा रहा है, जो वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों को अच्छा मुनाफा देते हुए अपनी पिछली छवि को बदल रहा है। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। भारत की सहयोगी कंपनियां कुछ प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के लिए अपने ग्लोबल पैरेंट कंपनियों की तुलना में दो से छह गुना के बीच कुल शेयरधारक रिटर्न देती हैं। बेन एंड कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, 100 मिलियन डॉलर के भारतीय राजस्व योगदान वाली कंपनियों पर ध्यान देने से जानकारी मिलती है कि 60 प्रतिशत भारतीय सहयोगी कंपनियों का राजस्व उनकी पैरेंट कंपनियों की वृद्धि दर से कम से कम दोगुना है। भारत में बेन के कंज्यूमर प्रोडक्ट प्रैक्टिस के प्रमुख रवि स्वरूप ने कहा, भारत में पहले से निवेश करने वाली कंपनियों को विकास, उच्च शेयरधारक रिटर्न और वैश्विक रूप से प्रासंगिक उत्पादों को आकार देने के अवसरों का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने बाजार में प्रवेश नहीं किया है, उन्हें अभी कार्रवाई करनी चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करती हैं तो उन्हें विकास और लॉन्ग टर्म रणनीतिक लाभ से चूकना पड़ सकता है। पिछले दशक में उभरते बाजारों में भारत उपभोक्ता उत्पादों की वृद्धि में तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा है। अगले 5-6 वर्षों में देश वैश्विक स्तर पर कामकाजी आयु वर्ग की आबादी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करेगा।

# मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ने रोहित शर्मा को लेकर कह डाली ये बड़ी बात, फैंस ने जताई खुशी

**हैदराबाद ,एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की प्रशंसा की है, जिन्होंने लगातार दो अर्धशतक जड़कर पांच बार की चैंपियन टीम को आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की दौड़ में वापस ला दिया है। सनराइजर्स हैदराबाद पर मुंबई इंडियंस की सात विकेट की शानदार जीत के बाद, बोल्ट ने रोहित को विश्व स्तरीय खिलाड़ी बताया, जिसका फॉर्म टीम के रिकॉर्ड छठे खिताब की तलाश में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मैच के बाद मीडिया से बातचीत में बोल्ट ने कहा, मुझे लगता है कि पूरी मुंबई इंडियंस टीम में कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और जाहिर तौर पर रोहित को इस संबंध में किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि हर कोई किसी न किसी मौके पर योगदान देना चाहता है, लेकिन रोहित हाल ही में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और सही समय पर अच्छा खेल रहे हैं। इसलिए वह सीजन के बाकी बचे हिस्से में हमारे लिए बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि आपको किसी भी भूमिका के लिए तैयार रहने की जरूरत है।




रोहित ने 46 गेंदों पर 70 रन की शानदार पारी खेली, जिससे मुंबई ने 15.4 ओवर में 144 रनों का मामूली लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले बोल्ट ने नई गेंद से 4-26 विकेट लिए थे, जिससे एसआरएच का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया था। इस जीत ने न केवल मुंबई की प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा, बल्कि उनके नेट रन रेट को भी काफी हद तक बढ़ाया, जिससे वे अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बोल्ट ने कहा कि वह नए कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में अपने समय का आनंद ले रहे हैं। हार्दिक एक जोशीले क्रिकेटर हैं। वह आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं और अच्छी तरह से संवाद करते हैं। वह मेरे पसंदीदा भारतीय क्रिकेटरों में से एक हैं और उनके नेतृत्व में खेलना एक ताजा अनुभव है। उन्होंने कहा, राजस्थान में मैं मैच के किसी भी चरण में गेंदबाजी करने के लिए तैयार था। मैं 10 आईपीएल सीजन खेलने के लिए काफी भाग्यशाली रहा हूं, जहां हर बार एक ही तरह की रेसिपी नहीं रही। इसलिए मुझे लगता है कि पहली बात यह है कि आपको हमेशा गेंद पर नियंत्रण रखना चाहिए। टीम में कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं। जाहिर है, (जसप्रीत) बुमराह को भी किसी परिचय की जरूरत नहीं है, इसलिए उनके पास फिर से गेंद होना बहुत अच्छा है।

# आईपीएल 2025 : बुमराह ने की मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने के मलिंगा के रिकॉर्ड की बराबरी

**हैदराबाद ,एजेंसी।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराते जा रहे हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आईपीएल 2025 के 41वें मैच में बुमराह ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए सबसे अधिक विकेट लेने के लसिथ मलिंगा के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी की।




लगभग एक दशक से मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ रहे बुमराह ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने स्पेल की अंतिम गेंद पर यह उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने खतरनाक हेनरिक क्लासेन को आउट किया। मैच में बुमराह का यह एकमात्र विकेट था। लेकिन यह विकेट ऐतिहासिक साबित हुआ।


बुमराह ने मुंबई इंडियंस के लिए 170 विकेट लिए और दिग्गज मलिंगा की बराबरी की। यह मैच बुमराह का मुंबई के लिए 138वां आईपीएल मैच था। इस सीजन में मुंबई ने अपने गेंदबाजों के साथ रोटेशन नीति अपनाई। बुमराह की गेंदबाजी कौशल का टीम ने नियमित रूप से लाभ लिया।

बुमराह और मलिंगा के बाद, हरभजन सिंह 127 विकेट के साथ मुंबई के सर्वकालिक विकेट लेने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि मिशेल मैक्लेनाघन (71) और कीरोन पोलार्ड (69) शीर्ष पांच में शामिल हैं। बुमराह के इस रिकॉर्ड की बदौलत वह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में वर्तमान में राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल सबसे आगे हैं, जिनके नाम 214 विकेट हैं। पीयूष चावला (192) और भुवनेश्वर कुमार (189) तीसरे स्थान पर हैं।

बुमराह ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर का स्पेल किया। इस स्पेल में बुमराह थोड़े महंगे साबित हुए। उन्होंने 39 रन लुटाए। लेकिन, एक विकेट लेने में सफल रहे। इस विकेट के साथ ही उनका नाम इतिहास में दर्ज हो गया। बुमराह मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी यूनिट के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। मुंबई को जब-जब विकेट की जरूरत होती है। बुमराह विकेट दिलाकर टीम की जरूरत को पूरा करते हैं।

# हुंडई मोटर ने मोबिलिटी रिसर्च सेंटर खोलने के लिए आईआईटी दिल्ली से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** हुंडई मोटर ग्रुप ने गुरुवार को बताया कि कंपनी ने भविष्य की मोबिलिटी टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भारत में एक नया रिसर्च सेंटर स्थापित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के साथ साझेदारी की है। नए रिसर्च सेंटर के लिए इस साझेदारी में इलेक्ट्रिफिकेशन और बैटरी सिस्टम पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस साझेदारी समझौते के तहत दोनों पक्ष हुंडई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करेंगे। हुंडई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक लॉन्ग-टर्म एकेडमिक-इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन फ्रेमवर्क के तहत जॉइंट रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए केंद्र के रूप में काम करेगा। हुंडई मोटर और किआ ने भविष्य की मोबिलिटी टेक्नोलॉजी में रिसर्च को आगे बढ़ाने के लिए दो वर्षों में लगभग 5 बिलियन वॉन (3.5 मिलियन डॉलर) का निवेश करने की योजना बनाई है। समूह ने आईआईटी दिल्ली के साथ नौ सहयोगी परियोजनाओं की पहचान की है, जो बैटरी सेल और सिस्टम, बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम, सेफ्टी, ड्यूरेबिलिटी और डायग्नोस्टिक टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों को कवर करती हैं।




केंद्र बैटरी डिजाइन और परफॉर्मेंस को और बेहतर बनाने के लिए नई मटेरियल और कंपोनेंट्स की भी खोज करेगा। नई दिल्ली में एक आधिकारिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया गया, जिसमें हुंडई के अनुसंधान और विकास प्रभाग के अध्यक्ष और प्रमुख यांग हेई-वोन और आईआईटी दिल्ली के निदेशक रंगन बनर्जी सहित अन्य लोग शामिल हुए। यांग ने कहा, हम बैटरी इनोवेशन में भारत के सबसे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। यह साझेदारी भारत की अनूठी बाजार जरूरतों को पूरा करते हुए फ्यूचर मोबिलिटी सॉल्यूशन विकसित करने में अहम होगी। साथ ही यह साझेदारी से भारत की अर्थव्यवस्था और समाज में योगदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हुंडई मोटर इंडिया ने हाल ही में भारत से निर्यात के 25 साल पूरे किए हैं, जिससे इस क्षेत्र में सबसे बड़े निर्यातक के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। 1999 में निर्यात शुरू करने के बाद से, कंपनी ने दुनिया भर में 3.7 मिलियन से अधिक वाहन भेजे हैं। कंपनी के निर्यात डेटा ने भारत के आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी ऑटोमोबाइल उत्पादन के लिए प्रयास की सफलता को दर्शाया। पिछले कुछ वर्षों में, हुंडई ने 150 से अधिक देशों को कारों का निर्यात करते हुए अपनी वैश्विक पहुंच का विस्तार किया है।

# जैन मंदिर ध्वस्तीकरण पर आक्रोशित जैन समाज द्वारा प्रदर्शन

## प्रतिष्ठान बंद कर शान्तिपूर्ण जलूस के साथ कलेक्ट्रेट में डीएम को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** मुम्बई महा नगर पालिका द्वारा अवैधानिक रूप से जैन मंदिर को ध्वस्त किए जाने के विरोध में दिगम्बर जैन पंचायत समिति के आह्वान पर जैन समाज के लोगों ने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर प्रदर्शन किया। शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शान्तिपूर्ण ढंग से अनुशासित जैन समाज के साथ शहर के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपते हुए पुन~ मंदिर निर्माण कराए जाने की मांग की। सावरकर चौक से जलूस प्रारम्भ हुआ जिसमें दिगम्बर जैन पंचायत समिति, उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, गल्ला व्यापार मण्डल, जैन मिलन क्षेत्र -13, सतोदयतीर्थ सेरोन, देवोदय तीर्थ, शान्तोदय तीर्थ जहाजपुर के अतिरिक्त निकटवर्ती जैन समाज राजघाट, बांसी, जखौरा के आव्हान पर सैकडों की संख्या में समाज श्रेष्ठी महिला-पुरूष सम्मलित थे। हाथों में तख्तियां लेकर णमोकारमंत्र का उच्चारण करते हुए शान्तिपूर्वक सावरकर चौक से घंटाघर चौक होते हुए तुवन चौराहे से जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया। बताया कि मुम्बई विले पार्ले के कांकलीवाडी क्षेत्र में स्थिति 30 वर्ष प्राचीन श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर को बुहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा असंवैधानिक रूप से ध्वस्त किए जाने से सम्पूर्ण जैन समाज आहत है और आक्रोश है।

अचानक 16 अप्रेल को मुम्बई महानगरपालिका ने विध्वंसात्मक कार्यवाही करते हुए हमारे धार्मिक ग्रंथों को सडकों पर फेक दिया और तीर्थंकर भगवान की प्रतिमाओं को अपमानित किया। ज्ञापन में अल्पसंख्यक जैन समाज के धर्म धर्मायतनों पर आए दिन होने वाली घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा हमारे तीर्थो को निषाना बनाया जा रहा है हमारे पूज्य साधू साध्वियों के साथ मारपीट एवं अभद्रता हो रही है। हाल ही में ललितपुर जिले के राजघाट पुलिस चौकी में जैन तीर्थंकरों की प्रतिमा की चोरी आदि अनेकों ऐसी घटनाए है जिनमें लिप्त दोशियों पर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देते समय डा.अक्षय टडैया, आकाश जैन, सनत जैन, संजीव जैन सी.ए., सौरभ जैन सीए, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, महेन्द्र जैन मयूर, नरेन्द्र कडंकी, संजीव कप्तान ने कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों में पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, सपा जिलाध्यक्ष नैपाल सिंह, आप जिलाध्यक्ष हरदयाल लोधी, जैन समाज पूर्व अध्यक्ष अनिल अंचल, ज्ञानचंद जैन, अजित जैन, शीलचंद जैन, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, डा.राजकुमार जैन, मोदी पंकज जैन, कमलेश सराफ, अंकुर जैन शानू बाबा, अजय जैन साइकिल, अभिषेक मुच्छाल, अजय बरया, राहुल जैन नवभारत, मुकेश जैन, अवि खजुरिया, जय महोली, राजेन्द्र जैन, श्रेयांस जैन, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, सन्मति सराफ, आलोक मयूर, मनोज जैन, अभय जैन, कुशलचंद जैन एड., सतीश जैन, धन्यकुमार जैन एड, प्रदीप, नीता मोदी, अनुपमा जैन, मधू जैन, सुषमा जैन, संध्या टडैया, अर्चना जैन, ममता जैन, शशि जैन, जयंती अलया, सरोज दिवाकर, उमा जैन, राखी जैन, संगीता नायक, राशि जैन, मोहनी कठरया आदि मौजूद रहे।

**पहलगाम में आतंकी हमले पर जताया आक्रोश**

प्रदर्शन के दौरान जैन समाज ने हाल ही में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोश सैलानियों के प्रति शोक जताया और जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के साथ उपस्थित जनसमुदाय ने शोक व्यक्त किया। महामहिम राष्ट्रीय को ज्ञापन सौंपते हुए आतंकवादियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की, जिससे देश में शान्ति एवं अखण्डता का माहौल बना रह सके।

# न ही सड़क और न ही नाली नेहरू नगर में रहती हमेशा यही बदहाली

## कच्ची सड़क पर जलभराव होने से राहगीरों को हो रही भारी परेशानी



**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला नेहरू नगर में नई पानी की टंकी के सामने वाली गली में जलभराव की बड़ी गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है। यहां पर घरों से निकलने वाले पानी की निकासी होती थी, लेकिन अभी पांच दिन पहले इस गली में पानी की पाइप लाइन डाली गई थी, जिससे घरों से निकलने वाले पानी की निकासी बंद हो गई है और घरों से निकलने वाला सारा पानी घरों के दरवाजे पर भर रहा है जिससे जलभराव की बड़ी गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इस जलभराव वाली गली से निकलने में राहगीरों को छोटे छोटे बच्चों को मन्दिर जाने वाले श्रद्धालुओं को मरीजों को बुजुर्ग लोगों को रोजाना निकलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार छोटे छोटे बच्चे इसे गन्दे पानी के जलभराव में गिरकर चोटिल हो रहे हैं, जिससे उनके कपड़े भी खराब हो जा रहे हैं। लोगों ने बताया कि लगभग बीस साल पहले इस गली में पत्थर के खडन्जे वाला रोड डला हुआ था जबसे आज तक इस गली में कच्ची सड़क पर न ही रोड डाला गया और न ही नाली बनाई गई कई बार इस गली के निवासियों ने सड़क और नाली बनबायें जाने के लिये प्रार्थना पत्र दिये लेकिन उन प्रार्थना पत्रों पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। मोहल्ले वासियों को बीमारियां फैलने का डर सता रहा है। लोगों ने यह भी बताया कि बहुत जल्द ही सड़क व नाली बनबायें जाने के लिये व जलभराव की इस गम्भीर समस्या से निजात पाने के लिये जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जायेगा। इससे पहले मोहल्ले वासियों ने एक बार फिर से जिलाधिकारी का ध्यान इस गम्भीर समस्या की ओर आकर्षित कराते हुये कहा कि जल्द से जल्द नगर पालिका के उच्च अधिकारियों को निर्देशित करके इस गली में हो रहे जलभराव की समस्या का निरीक्षण किया जाये और इस गली में सड़क और नाली बनाये जाने की मांग उठायी गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### इमरजेंसी ब्रेक लगाने से ट्रक की टक्कर में घायल हुआ ड्राईवर

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला मथुरा अंतर्गत थाना शेरगढ़ के ग्राम जघावली निवासी अखतर पुत्र जोरमल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका पुत्र सद्दाम ट्रक संख्या एन.एल. 01 ए.जे. 2484 पर बतौर ड्राईवर कार्यरत है। बताया कि 16 अप्रैल को वह अपनी गाड़ी ट्रक को कुलाना से राजमुदरै जा रहा था। बताया कि वह रात करीब 12 बजे जैसे ही नेशनल हाई-वे संख्या 44 पर चौकी बिरधा के पास स्थित ग्राम बंगरिया के इण्डियन पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे अज्ञात ट्रक ने बीच सड़क पर इमरजेंसी ब्रेक लगा दिये, जिससे उसके पुत्र का ट्रक अगले ट्रक में जा लगा, जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। घायलावस्था में उसके पुत्र को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उपचार के दौरान वह उसे अपने साथ पहले झांसी और फिर मथुरा के के.डी. अस्पताल ले गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर महिला से मारपीट

**ललितपुर।** मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम राजौला निवासी आरती पत्नी पुष्पेन्द्र लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते बुधवार को सुबह करीब 6 बजे वह अपने घर के बाहर बैठी हुयी थी। तभी गांव के लालसिंह पुत्र हरीराम लोधी व पानकुंवर पत्नी लालसिंह एकराय होकर आये और पुरानी रंजिश को लेकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे उसके शरीर में कई जगह चोटें आयीं हैं। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पहलगांव में हुयी हमले से आक्रोश

**ललितपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हिन्दू पर्यटकों की धार्मिक पहचान पूछकर की गयी नृशंस हत्या के विरोध में अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इसके पूर्व कलेक्ट्रेट में पहुंच कर पदाधिकारियों ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। बताया गया कि पहलगांव में हुयी पर्यटकों की नृशंस हत्या से पूरा राष्ट्र स्तब्ध और आक्रोशित है। कहा कि यह केबल आतंकवादी हमला नहीं है, बल्कि भारत के बहुसंख्यक समाज की धार्मिक स्वतंत्रता, पहचान और गरिमा पर सीधा आघात है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाये जाने की मांग उठायी है। इसके अलावा उन्होंने छह सूत्रीय मांगों को भी रखा। इस दौरान सचिन दुबे, अभिषेक कुमार पाण्डेय, मनोज जैन, पीयूष सोनी, गौरव शर्मा, राजेन्द्र शुक्ला, दिनेश साहू, बलराम पचौरी, विशाल ताम्रकार, रविन्द्र साहू, अजय अहिरवार, आदर्श कुशवाहा, कार्तिक, अखिलेश कुशवाहा, शुभम सेन के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

### शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए जॉब फेयर 28 अप्रैल को

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 28 अप्रैल 2025 को रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब फेयर के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक मित्रा ग्रुप ऑफ कंपनी एवं पीवीआर इनोक्स लिमिटेड रायपुर द्वारा न्यूनतम 12वीं, स्नातक, एम.बी.ए. (ग्रेजुएशन) उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती 8वीं, 12वीं आई.टी.आई. आदि के 283 पदों पर संभावित वेतनमान रू. 22000/- से 20000/- प्रतिमाह की दर पर की जाएगी। उक्त पदों पर नौकरी के इच्छुक एवं योग्य आवेदक निधर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बॉयोडाटा / आधार कार्ड एवं शैक्षणिक तकनीकी योग्यता के प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

### प्रिया के हत्यारे को हुई उम्रकैद की सजा


**कोरबा।** प्रेमिका से पीछा छुड़ाने के लिए एक युवक ने अपने भाई के साथ मिलकर उसे मार डाला और फंदे पर लटका दिया। मामले में न्यायालय ने प्रेमी युवक को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है जबकि उसका भाई दोषमुक्त कर दिया गया। न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी बोधराम कुर्रे द्वारा कटघोरा थाना के जटगा पुलिस चैकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी कि उसकी 18 वर्षीय लड़की प्रिया कुर्रे 26 जून 2020 को सुबह घर से बिना बताये कहीं चली गई है। आस-पास रिश्तेदारी में पता करने पर कोई पता नहीं चल रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा गुम इंसान कायम कर पता तलाश में लिया गया। इस बीच ग्राम पंचायत बनखेता के उप सरपंच विपिन जायसवाल द्वारा चैकी जटगा में आकर मर्ग की सूचना दी गई कि रावा रोड जामपानी के जंगल में किसी लड़की का कंकाल सराई पेड़ में लटका है। वह ग्राम बनवार के राहा रोड से दाहिनी ओर जंगल अंदर करीबन 100 मीटर गड्ढे जैसे स्थान में गया जहां सरई पेड़ के शाखा में सफेद चुनरी एवं हरी चुनरी में कंकाल नुमा लड़की लटकी मिली। एक धूप वाला चश्मा तथा एक पैर की सेन्डील वहीं पर पड़ी मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। मृतका की पहचान प्रिया कुर्रे के रूप में होने बाद सम्पूर्ण जांच में पाया गया कि अभियुक्त लखन यादव के द्वारा पीड़िता को घर से भगाकर ले जाकर जामपानी के जंगल रावा में अपने भाई अभियुक्त जगमोहन यादव के साथ मिलकर हत्या की गई।

# प्राइवेट स्कूलों को बदनाम करने की हो रही है साजिश

**एनसीईआरटी की बुक्स बाजार में उपलब्ध कराने की मांग**

**जनपद में एक प्रतिशत से भी कम विद्यालयों की फीस 20 हजार रुपये वार्षिक**

**विद्यालयों को बदनाम करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें जिला प्रशासन**



**ललितपुर।** प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में आज प्राइवेट विद्यालयों के प्रबंधकों ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से मुलाकात कर उन्हें पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रत्येक वर्ष प्राइवेट स्कूलों को किताबों, फीस एवं ड्रेस के नाम पर बदनाम करने की साजिश की जाती है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद में 1 प्रतिशत से भी कम विद्यालयों की फीस बीस हजार रुपये या उससे अधिक है। एसोसिएशन ने कहा बाजार में एनसीईआरटी की बुक्स उपलब्ध न होने के कारण विद्यालयों को मजबूरी में प्राइवेट प्रकाशनों की बुक्स अपने विद्यालय में लगाना पड़ती है। एसोसिएशन ने सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि बाजार में एनसीईआरटी की बुक्स पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए जिस विद्यालय में उनको अपने पाठ्यक्रम मे शामिल कर सके एवं अनर्गल आरोपों से बच सके। जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया की हर वर्ष विद्यालय प्रारंभ होने के समय पर कुछ लोगों द्वारा विद्यालयों को निशाना बनाया जाता है, और फीस के नाम पर, किताबों और ड्रेस के नाम पर विद्यालयों को बदनाम करने की साजिश की जाती है। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालयों में दसों वर्षों से ड्रेस चेंज नहीं हुई। उन्होंने कहा आज भी जनपद के 50 प्रतिशत से अधिक प्राइवेट विद्यालय 500 मासिक से भी कम फीस लेकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कर रहे हैं। जनपद की शिक्षा व्यवस्था में प्राइवेट विद्यालय अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। आज भी बहुत से विद्यालय आरटीई के अंतर्गत मिलने वाली 450 रुपए प्रति माह से की फीस से भी कम फीस पर बच्चों को पढ़ा रहे हैं। उन्होंने किताबों की बात को लेकर कहा कि अगर बाजार में एनसीईआरटी की बुक्स पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो जाए तो समस्त प्राइवेट विद्यालय एनसीईआरटी की बुक्स लगाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जो किताबें विद्यालयों में पाठ्यक्रम मे शामिल है उनकी महंगाई के लिए विद्यालय कैसे जिम्मेदार हो सकता है, किताब का रेट प्रकाशक और दुकानदार तय करता है। उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी की बुक्स मे भी प्रति वर्ष बदलाव होता है जिस कारण बच्चों के पुन~ नई कितबे खरीदना पड़ता है। उन्होंने कहा हर समस्या के लिए केवल विध्यालयों को दोष देना उचित नहीं है। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के महामंत्री ध्रुव साहू, संयोजक अक्षय अलया, मार्गदर्शक मंडल से ध्यान सिंह यादव, डी.एस.विवेक, अजय बरया, विजय सिंह यादव, संजय श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष मोहन सैनी, नगर प्रभारी राकेश श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह, इंजी. हाकिम सिंह, संजीव नामदेव, डा.जगबीर सिंह, धन सिंह, वीरेंद्र कुमार सोनू, रवि शंकर राठौर, वसीम खजुरिया, ब्लॉक तालबेहट के अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री मनोज तिवारी, जखौरा ब्लाक अध्यक्ष अरुण ताम्रकार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बादशाह आया बाहर, जुआरी हुये अंदर

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत चौकी कुम्हैड़ी चौकी पुलिस ने दविश देकर जुआ खेल रहे अंजनी माता मंदिर के परिसर में जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को धर दबोचा है। पुलिस ने तीनों जुआरियों के पास से हजारों रुपये की नकदी, ताश के पत्ते व अधजली मोमबत्तियां बरामद की है।

चौकी में तैनात उ.नि.भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि वह अपने हमराह कां.दयानन्द, कां.संदीप कुमार के साथ क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की रोकथाम के लिए कुम्हैड़ी तिराहा के पास गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि अंजनी माता मंदिर परिसर में कुछ लोग मोमबत्ती की रौशनी में ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल मौके पर घेराबंदी करते हुये मौके की रेकी की, तो पता चला कि जुआरी चिल्ला रहा था कि बादशाह बाहर आ गया और वह जीत गया। मौके पर पुलिस ने दविश दे दी और वहां से तीन जुआरियों को धर दबोचा, जबकि एक जुआरी भागने में कामयाब रहा। पकड़े गये जुआरियों में ग्राम कुम्हैड़ी निवासी मनोहर पुत्र धर्मदास अहिरवार, श्रीराम कुशवाहा पुत्र काशीराम कुशवाहा व बलराम पुत्र प्यारेलाल कुशवाहा बताये गये हैं, वहीं भागे हुये जुआरी का नाम कुम्हैड़ी का ही रहने वाला विशाल खटीक पुत्र जीवन खटीक बताया गया है। पुलिस ने जुआरियों के पास से जामा तलाशी के दौरान 890 रुपये व माल फड़ से 6200 रुपये, 52 ताश के पत्ते और अधजली मोमबत्तियां बरामद की हैं। पुलिस ने पकड़े गये व भागे हुये जुआरी के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# मेडीकल कॉलेज ललितपुर में अव्यवस्था का आलम



**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही और अव्यवस्था के चलते न तो डॉक्टर समय पर उपलब्ध होते हैं और न ही मरीजों का परचा (ओ.पी.डी.कार्ड) बनने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल पाती है।

इसकी वजह से अस्पताल परिसर में तीमारदारों की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं, जिन्हें घंटों इंतजार करने के बाद भी इलाज नसीब नहीं होता।

# सुशासन तिहार का असर: आवेदनों पर कार्रवाई शुरू

**ग्राम बाना में 20 अतिक्रमणकारियों से 10 एकड़ भूमि हुई मुक्त**

**ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति जताया आभार**



**रायपुर,कासं.।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजनों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इस पहल के पहले चरण में नागरिकों से उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए, जबकि दूसरे चरण में इन समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया तेज़ी से जारी है। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य कर रहे हैं।

इसी क्रम में सुशासन तिहार के अंतर्गत धरसीवा ब्लॉक के ग्राम बाना में अतिक्रमण संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। ग्रामवासियों ने विभिन्न स्थलों पर अतिक्रमण की शिकायत संबंधी आवेदन समाधान पेटी में डाली थीं।

इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार श्री बाबूलाल कुर्रे के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने कार्रवाई करते हुए की कुल 20 अतिक्रमणकारियों से लगभग 10 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया।

इस कार्रवाई के लिए ग्राम बाना के निवासियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के तहत उन्हें इस कार्रवाई की पूरी उम्मीद थी।

# कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले के अधिकारियों की बैठक ली

**सुशासन तिहार के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के दिए निर्देश**

**कहा- भवनविहीन आंगनबाड़ी भवनों के लिए स्थान चिन्हित कर जल्द निर्माण शुरू करें**

**पुराने व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स के पार्किंग स्थलों में बने दुकानों को हटाएं**



**रायपुर,कासं.।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की और जल्द गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने को कहा। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिंह ने जिले में भवनविहीन आंगनबाड़ी केंद्रों को चिन्हित कर तहसील में राजस्व विभाग के सहयोग से खाली जमीन ढूंढकर उसका नक्शा-खसरा संबंधी इत्यादि प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द भवन निर्माण करने निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि जहां जमीन न हो, वहां स्कूल या सामुदायिक भवन में आंगनबाड़ी संचालित करना सुनिश्चित करें। शहर में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए कलेक्टर डॉ. सिंह ने नए कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि पुराने कॉम्प्लेक्स जहां पार्किंग में दुकान संचालित हो रही हो, उनपर कार्रवाई कर हटाया जाए। उन्होंने शादी-ब्याह के दौरान मैरिज पैलेस, ढाबा के बाहर सड़कों पर खड़ी गाड़ियों पर जुर्माने और जब्ती की कार्रवाई करने कहा। उन्होंने कहा कि सड़क पर लटकते-फटे फ्लेक्स को हटाने के जिम्मेदारी संबंधित नगर निगम जोन के अधिकारी और नगर पालिका के सीएमओ की होगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने समस्त जोन के कमिश्नर और सीएमओ को निर्देशित किया कि बाजार में सफेद मार्किंग करें और उसके बाहर वाहन रखे जाने पर चालकों पर कड़ी कार्रवाई करें। दुकान का सामान सड़क पर न रखा जाएं। वाहनों को मल्टीलेवल पार्किंग में रखना सुनिश्चित कराएं। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप समेत जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई शुरू

## जाँच दलों ने विभिन्न फर्मों पर पहुँचकर सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की

**ग्वालियर।** एकल प्रयोग प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) के उपयोग से मानव शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव एवं प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में बीते रोज डबरा व लश्कर क्षेत्र में जाँच दलों द्वारा विभिन्न फर्मों पर पहुँचकर कार्रवाई की गई। ज्ञात हो कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं व थैलियों इत्यादि के निर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण व बिक्री पर रोक लगाने के लिये जिले के सभी अनुविभागों में अलग-अलग दल गठित किए हैं। यह दल संबंधित एसडीएम के नेतृत्व में गठित किए गए हैं। जाँच दलों को निर्देश दिए हैं कि यदि कहीं पर सिंगल यूज प्लास्टिक निर्माण इकाई पाई जाए तो उसके खिलाफ क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के माध्यम से कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के थोक एवं खेरीज विक्रेताओं से सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त कर विनिष्टीकरण की कार्रवाई भी विधिवत कराएं। अनुविभागीय दण्डाधिकारी लश्कर श्री नरेन्द्र बाबू यादव टीम के साथ लश्कर क्षेत्र में स्थित विभिन्न दुकानों पर पहुँचे और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ



कार्रवाई की । उन्होंने बताया कि विभिन्न दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त करने के साथ-साथ एक दुकान को सील किया गया है। इसी तरह डबरा कस्बे में तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न दुकानों पर पहुँचकर सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की और दुकानदारों को ताकीद किया कि वे आगे से अपनी दुकान पर सिंगल यूज प्लास्टिक न रखें। ज्ञात हो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भारत के राजपत्र में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में प्रकाशित अधिसूचना एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुसार पोलीस्टाइरीन और विस्तारित पोलीस्टाइरीन वस्तुओं सहित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को निषेध किया गया है।

# 54 वीं के.वि.सं. संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई इवेंट में प्रतिभागियों ने दिखाया जलवा





**ग्वालियर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्र1 ग्वालियर मैं जारी संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर- 14 बालक वर्ग क्रिकेट का आयोजन जीवाजी विश्वविद्यालय परिसर में हुआ। जिसमें सायंकाल की पारी में केंद्रीय विद्यालय क्र.1 प्रथम पाली और द्वितीय पाली आपस में आमने-सामने थे, जिसमें केंद्रीय विद्यालय क्र.1 द्वितीय पाली ने विजय हासिल की ।तत्पश्चात केंद्रीय विद्यालय क्र. 4 ग्वालियर बनाम केंद्रीय विद्यालय क्र.1 इंदौर प्रथम पाली में केंद्रीय विद्यालय क्र.4 ग्वालियर विजई हुआ ।केंद्रीय विद्यालय करेरा बनाम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 द्वितीय पाली ग्वालियर में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 द्वितीय पाली ग्वालियर ने 40 रन की बढ़त से विजय हासिल की ।

आगामी अन्य इवेंट प्रतियोगिताएं जारी हैं जिसमें कबड्डी ,हैंडबॉल, जूडो, हॉकी, शूटिंग और बॉक्सिंग सम्मिलित हैं ।प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने स्तर पर इन इवेंट्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया जा रहा है ।इन विभिन्न इवेंट्स के परिणाम अगले दिन प्राप्त होंगे । इन सभी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन संबंधित संस्था या संगठन द्वारा किया जा रहा है। जिसमें लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर, नगर निगम ग्वालियर ,जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर एवं पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 1ग्वालियर शामिल है। प्राचार्य श्री राजेश पांडेय द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने आए खिलाड़ियों के ठहरने एवं खानपान संबंधी उचित व्यवस्था की गई है। विद्यालय के समस्त विभाग के प्रभारियों द्वारा आगंतुक 500 प्रतिभागी एवं अनुरक्षक शिक्षकों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शूटिंग में पीप साइट राइफल अंडर -17 बालक वर्ग में साहिल कुमार ने प्रथम ,रूद्र दुबे द्वितीय एवं पूर्वांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर -14 पिस्टल बालक वर्ग में अभय सिंह ने प्रथम, ऋषित कुशवाह ने द्वितीय एवं विक्रम झा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।अंडर -14 पीप साइट राइफल बालिका वर्ग में सौम्या यादव ने प्रथम, अश्विनी चौहान ने द्वितीय एवं अंशिका चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 पिस्टल बालक वर्ग में कमल नायक, आर्यमन सिंह तोमर ने अपना परफॉर्मेंस ट्रायल दिया। अंडर-17 पीप साइट राइफल बालिका वर्ग में मारिया अंजुम ने एवं अंडर -17 एयर पिस्टल बालिका वर्ग में राघवी गुर्जर और अंडर-17 ओपन साइट बालिका वर्ग में हिमानी राठौर अंडर-19 पिस्टल बालिका वर्ग में रिया तोमर और हनी यादव ने परफॉर्मेंस ट्रायल दिया। सभी खेल इवेंट्स के प्रतिभागियों को प्राचार्य श्री राजेश पांडेय द्वारा शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय के खेल प्रभारी श्री अजय कुमार बघेल, श्री शिव कुमार यादव एवं खेल प्रशिक्षक श्री आशीष यादव, मिलन सिंह राजावत (योग प्रशिक्षक) तथा भोपाल संभाग से प्रतिनियुक्ति पर आए खेल विशेषज्ञ श्री एम.एस. तोमर, डॉ. अरुण सिंह राठौर, श्री राजेश यादव ,श्री राहुल राव भिन्न-भिन्न इवेंट के सफल आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं ।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के प्रति लापरवाही पड़ी भारी

## पारसेन केन्द्र का उपार्जन प्रभारी निलंबित और दो केन्द्र प्रभारियों को नोटिस

**ग्वालियर।** स्लॉट बुकिंग के बाबजूद किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी न करना प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पारसेन के सहायक समिति प्रबंधक लोकेन्द्र सिंह गुर्जर को भारी पड़ा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के प्रशासक द्वारा लोकेन्द्र सिंह गुर्जर को निलंबित कर दिया गया है। इसी तरह उपार्जन कार्य में लापरवाही पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था सांखनी के उपार्जन प्रभारी राहुल तिवारी व प्राथमिक सहकारी संस्था मोहना के उपार्जन प्रभारी अमित शर्मा के खिलाफ कार्रवाई के लिये कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था पारसेन का उपार्जन केन्द्र नारायण विहार कृषि उपज मंडी में बनाया गया है। कलेक्टर श्रीमती चौहान के संज्ञान में शिकायत आई थी कि प्राथमिक सहकारी संस्था पारसेन, मोहना व सांखनी द्वारा संचालित खरीदी केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग के बाबजूद उपार्जन प्रभारियों द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों की उपज की खरीदी नहीं की जा रही है। उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और संबंधित समिति प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर निलंबित करने के निर्देश दिए। इस पालन में विधिवत कार्रवाई कर पारसेन केन्द्र के प्रभारी लोकेन्द्र सिंह को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही सांखनी व मोहना उपार्जन केन्द्र के प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। प्राथमिक सहकारी संस्था पारसेन द्वारा संचालित उपार्जन केन्द्र के प्रभारी अधिकारी का दायित्व समिति प्रबंधक सुश्री मोहिनी यादव को सौंपा गया है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने स्पष्ट किया है कि जिले में संचालित सभी उपार्जन केन्द्रों पर स्लॉट के अनुसार सुव्यवस्थित ढंग से खरीदी की जाए। समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने आ रहे किसानों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हर केन्द्र पर स्लॉट के अनुसार टोकन सिस्टम लागू करें और उसी के अनुसार खरीदी की जाए। हर खरीदी केन्द्र पर किसानों के लिये पेयजल, छाया इत्यादि की पुख्ता व्यवस्था रहे।

# पंचायती राज दिवस पर जिले के एक हजार हितग्राहियों को मिले आवास स्वीकृति पत्र

## सम्मन के साथ सौंपे गए स्वीकृति पत्र

**ग्वालियर।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्वालियर जिले की ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लगभग 1000 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सभी हितग्राहियों का सम्मान भी किया गया। जिले की ग्राम पंचायत रतवाई, बरई, जौरासी और भितरवार जनपद पंचायत में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व पंचायतराज संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी व पंचायत स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे। इन कार्यक्रमों में पात्र हितग्राहियों को मंच पर बुलाकर व्यक्तिगत रूप से स्वीकृति पत्र सौंपे गए, साथ ही फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया



गया। जनप्रतिनिधियों सभी हितग्राहियों को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सबका साथ, सबका विकास के विजन को साकार कर रही है। उन्होंने आवास निर्माण में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। हितग्राहियों ने सरकार के इस प्रयास पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह स्वीकृति पत्र उनके लिए केवल एक कागज़ नहीं, बल्कि सम्मान और स्थायित्व का प्रतीक है। हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गौशालाओं के लिये चिन्हित जमीन से हटाए अतिक्रमण

**ग्वालियर।** जिले में गौशालाओं एवं चारागाह के लिए चिन्हित जमीन से अभियान बतौर अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। इस कड़ी में ग्राम पंचायत जनकपुर, लदवाया, मेहगाँव, डूंगरपुर व रतवाई ग्राम पंचायत में गौशाला व चारागाह की जमीन से बीते दिनों अतिक्रमण हटवाए गए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर गई राजस्व विभाग के दलों ने यह अतिक्रमण हटवाए। गौशालाओं के विकास के लिये ग्राम बेहट, उम्मेदगढ़ व तिघरा में भी जमीन चिन्हित की गई है। जिले में राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत निराश्रित गौवंश को रखने के लिये इन गौशालाओं का निर्माण किया जा रहा है।

# बाल विवाह रोकने के लिए अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश के शहरी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अक्षय तृतीया एवं अन्य विवाह मुहुर्तो के अवसर पर बहुत अधिक संख्या में विवाह संपन्न होते हैं। जिसमें बाल विवाह होने की प्रबल संभावनायें होती हैं। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने बाल विवाह रोकने के लिये अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की है। यह समिति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना मिलने के बाद तत्काल स्थल पर पहुंच कर कार्यवाही करेगी। समिति में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अध्यक्ष होंगे, जबकि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, परियोजना अधिकारी संबंधित बाल विकास, जनपद सीईओ संबंधित, तहसीलदार संबंधित, खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, थाना प्रभारी सदस्य के रूप में नियुक्त किये गये हैं। यह दल विवाह आयोजन में निगरानी के दौरान अथवा अनियत्र सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करेंगे एवं उक्त दिनांको में बाल विवाह की रोकथाम हेतु विकास खंड मुख्यालय पर अनुविभागीय अधिकारी के नेतृत्व में एक कन्ट्रोल रूम की स्थापना करेंगे तथा की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन रोके गये बाल विवाह की जानकारी पृष्ठांकित प्रारूप में जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में उपलब्ध करावेंगे।

# भारत रत्न डॉ अंबेडकर जी के व्यतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ

**बाबा साहब ने दलितों और वंचितों के सम्मान के लिए हमेशा काम किया - रावत**

**कांग्रेस ने बाबा साहब आंबेडकर को संविधान सभा का प्रमुख नहीं बनने दिया - राजौरिया**





**मुरैना,कांस।** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में डॉ आंबेडकरल के व्यतित्व, कृतित्व और राष्ट्रनिर्माण में उनके अमूल्य योगदान को लेकर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को मुरैना जीवाजी गंज स्थित गर्ग सेवा सदन में किया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री रणवीर रावत एवं मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनीष राजौरिया ने संबोधित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष,महापौर शारदा सोलंकी, पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना, कमलेश सुमन,पुर्व जिलापंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई खटीक,जिला महामंत्री भावना जालौन,जिला मंत्री विजय जादौन अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पिप्पल मंचासीन रहे। अतिथियों ने सर्व प्रथम भारतमाता संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर,पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्जवलित कर संगोष्ठी का विधिवत आरंभ किया। स्वागत उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष कुशवाह ने कहा कि भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के सपने को साकार करने का काम कर रहे है ! वह सभी को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं बाबा साहब के सपनों को साकार करना उनका संकल्प है! मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री रणवीर रावत ने कहा कि आज संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी में पधारे वरिष्ठ जन और मातृशक्ति का में अभिनंदन करता हुं । प्रदेश के लोगो के लिए बड़े गर्व की बात है की डॉ अंबेडकर जी का जन्म मध्य प्रदेश के अंबेडकर नगर महू में हुआ। बाबा साहब ने दलितों और वंचितों के सम्मान के लिए हमेशा काम किया है। कांग्रेस बाबा साहब के नाम पर घड़ियाली आसू बहाने का काम किया । कांग्रेस ने हमेशा ही बाबा साहब का अपमान किया है। संसद में भी बाबा साहब के नाम पर कांग्रेस घड़ियाली आंसू बहाती हैं। बाबा साहब ने भारत में रहने वाले हर वर्ग के लिए काम किया है। बाबा साहब समान नागरिक संहिता के पक्ष में थे परंतु देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कारण हिंदू कोड बिल लागू नहीं होने दिया । नेहरू के कारण बाबा साहब ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस ने बाबा साहब को अपमानित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा । बाबा साहब को भारत रत्न देने का काम भाजपा की सरकार ने किया है। बाबा साहब के नाम से पंच तीर्थो के निर्माण का काम भाजपा की सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में किया है। आज महू नागपुर लंदन दिल्ली और मुंबई को पंच तीर्थ से पहचान मिली है। कांग्रेस ने दिल्ली में बाबा साहब की अंत्येष्टि के लिए स्थान तक नहीं दिया । मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनीष राजौरिया ने कहा बाबा साहब की प्रतिभा को देखते हुए बड़ौदा गायकवाड़ ने आगे की पढ़ाई के लिए लंदन भेजा। उस यूनिवर्सिटी के 100 वर्ष पूरे होने पर 100 प्रतिभावान विद्यार्थियों की सूची बनी जिसमें बाबा साहब का नाम सबसे ऊपर रखा गया ।

कांग्रेस ने बाबा साहब आंबेडकर को संविधान सभा का प्रमुख नहीं बनने दिया। बाबा साहब का दिया संविधान कांग्रेस ने 90 से अधिक बार बदला है । राघवेंद्र गौतम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब का हमेशा से सम्मान करती रही हैं। कांग्रेस ने बाबा साहब के नाम का उपयोग किया कांग्रेस ने बाबा साहब का सम्मान कभी नहीं किया । देश और दुनिया में सम्मान बढ़ाने का काम संघ और भाजपा ने किया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता सहित डॉक्टर वकील व्यापारी भूतपूर्व सैनिक सामजिक संगठन का प्रतिनिधित्व करने वाले सेवा निवृतमान शासकीय कर्मचारी उपस्थित थे। संगोष्ठी का संचालन अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पिप्पल व आभार बरिष्ठ भाजपा नेता राकेश खटीक ने किया।

# कैलारस एम एस रोड पर चलते टेक्टर में लगी आग अचानक बड़ा हादसा टला



**कैलारस।** बाजरा की करब भरकर नेपरी साईड से पहारगढ़ जंगल के गांव जा रहा था तभी कैलारस नगर पालिका के सामने एम एस रोड पर ट्राली में रखी करब में अचानक आग लगी देखी लोगो ने तत्काल टेक्टर ट्रॉली को अलग किया फिर करब को ट्रॉली से हटाया फायर बिग्रेड से आग बुझाई।उन्होंने ट्रैक्टर को ट्रॉली से अलग किया और बाद में ट्राली को खाली किया इस बजह से बड़ा हादसा होने से टला गया। यह टेक्टर के ब्रजगढी गांव से आया था बाजरे की करब भरकर कैलारस कॉलेज रोड़ नगर पालिका के सामने अज्ञात कारणों से आग लग गई स्वराज टेक्टर था बड़ा हादसा होने से बच गया शहर की बात थी लोगो ने टेक्टर ट्रॉली को अलग कर दिया यह टेक्टर रामबरन गुर्जर पहाड़गढ़ के बहराइ जा रहा था पुलिस और फायर गाड़ी मौकेपर पहुचकर आग बुझा ली।

# जल संरक्षण की दिशा में प्रभावी पहलः जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम हुआ आयोजित

**कैलारस।** मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड पहाडगढ़ में 24 अप्रैल को श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण, सफाई तथा पुनर्जीवन करना है। इस कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं और जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने जल स्रोत की सफाई, खुदाई और मिट्टी हटाने जैसे कार्यों में सक्रिय रूप से श्रमदान किया।



### पढ़े-लिखे युवाओं की रही प्रेरक भूमिका

इस अभियान में शिक्षित युवाओं की भागीदारी ने विशेष ध्यान आकर्षित किया। वे न केवल स्वयं कार्य में लगे, बल्कि जागरूकता फैलाने, बैनर पोस्टर की मदद से जनसंवाद स्थापित करने और अभियान के दस्तावेजीकरण में भी सहयोगी रहे। ब्लॉक स्त्री श्रमदान कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक श्री धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया जी मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सतीश सिंह जी तोमर ब्लॉक समन्वयक अल्केश सिंह भदोरिया नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि श्री उदय सिंह जी धाकड़ श्री रवि गॉड धर्मेंद्र सिंह धर्म सिंह कुशवाह जितेंद्र सिंह धाकड़ शत्रुघ्न धाकड़ ने बताया कि जल संरक्षण हेतु ऐसे सामूहिक प्रयास न केवल पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि ग्रामीण समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम हैं।

### स्थानीय ग्रामीणों का समर्थन

स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यों में भागीदारी का आश्वासन दिया। जल गंगा संवर्धन अभियान का यह आयोजन जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता तथा सामूहिक प्रयासों की उत्कृष्ट मिसाल है। यह पहल क्षेत्रीय स्तर पर जल संकट की चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# सेमलदा नहर पर बाइक टकराई, एक गंभीर रूप से घायल

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**बीरपुर।** श्योपुर जिले गिरधरपुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत सेमलदा नहर पर आपस में दो बाइक टकरा गई।जिसमें एक सवार जहर सिंह जाटव उम्र 40 वर्ष गम्भीर घायल हो ।बताया गया हैकि वह मुरैना अपने घर जा रहा था तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। घटना की सूचना 108 जिला अधिकारी पवन कुमार शर्मा को मिलते ही उन्होंने नजदीकी एंबुलेंस के चालक सौरभ सिंह जादौन को एक्सीडेंट की सूचना दी। 108 चालक सौरभ जादौन ने घायल मरीज को श्योपुर



जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया जिसका उपचार जारी है।

# झुण्डपुरा में फायर माक ड्रिल की गई



**झुण्डपुरा।** नगरपालिका परिषद कार्यालय पर फायर मैक ड्रिल की रिहर्सल नगरपालिका परिषद कार्यालय पर की गई जो एसडीएम अरविंद माथुर के निर्देशन में हुई... गर्मी को ध्यान में रखते हुए अग्नि समन यंत्रों एवं अग्नि से बचने के उपाय को लेकर फायर मैक ड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें नोडल अधिकारी एसडीएम अरविंद माहौर सहायक नोडल अधिकारी सीएमओ अशोक कुमार चौकी प्रभारी ऋषिकेश शर्मा , पटवारी निकिता शर्मा, उपमंत्री संदीप त्यागी, रामदीन जौहरी, हेमंत शर्मा,फायर ब्रिगेड चालक यतेन्द्र सविता, फायरमैन बाबूसिह सिकरवार , कपिल दुबे मातादीन कुशवाहा महाराज सिंह सहित कई फील्ड के कर्मचारी के साथ अध्यक्ष मनीषा बल्ली सोनी मौजूद रहीं। इस मौके पर आग से बचने वाले उपकरणों की जांच की गई तथा फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझाने पर आग पर काबू पाने के रिहर्सल की गई. इस मौके पर सहायक नोडल अधिकारी अशोक कुमार वाल्मीकि ने बताया कि आग कभी भी कहीं भी लग सकती है फील्ड के कर्मचारी एवं अग्नि बुझाने वाले कर्मचारी हर समय चुस्त रहे सूचना मिलते ही आग पर काबू पाने की कोशिश करें।

# भूमि का मुआवजा प्रदान करने के लिये हितग्राही के बैंक खाता, पेन कार्ड नंबर प्राप्त करने कैंप लगाये जाएँगे

**मुरैना,कांस।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन ईकाई ग्वालियर के द्वारा मुरैना जिले के अंतर्गत मुरैना एवं बानमोर तहसील के अंतर्गत नवीन ग्रीन फील्ड लैंड आगरा-ग्वालियर खंड के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण हेतु हितग्राहियों के बैंक खाता, पेन कार्ड, आधार कार्ड की जानकारी प्राप्त करने के लिये संबंधित तहसीलदार 25 एवं 26, 29 एवं 30 अप्रैल को पंचायत स्तर पर कैंप लगायें।

यह निर्देश एसडीएम मुरैना ने जारी किये हैं। जिसमें ग्राम पंचायत जखौना, तिछौला के लिये जखौना में 25 अप्रैल को कैंप प्रभारी नायब तहसीदार श्रीमती रेखा कुशवाह, भटारी सिरमिति के लिये सिरमिति में 25 अप्रैल को प्रभारी तहसीलदार मुरैना, ग्राम माता बसैया, अजनौधा, डोंगरपुर लोधा और खेरियाकलां का कैंप ग्राम पंचायत अजनौधा में 26 अप्रैल को एसडीएम की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा नाका, कोतवाल, बसहरी, बिसैठा के लिये कैंप कोतवाल में 26 अप्रैल को, बानमोर तहसीलदार श्रीमती मोहनी साहू की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा। ग्राम पिपरसेवा, उरहाना, पिनावली, रान्सू के लिये कैंप पिपरसेवा में 29 अप्रैल को आयोजित किया जायेगा। यह कैंप तहसीलदार बानमोर श्री महेश कुशवाह की उपस्थिति में होगा। ग्राम गडाजर, खिरावली, तिलुआ, रंचौली, गूलेन्द्रा, नयागांव के लिये कैंप गडाजर में 30 अप्रैल को एसडीएम मुरैना की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा।

## नरवाई जलाई तो नहीं मिलेगा सीएम किसान कल्याण योजना का लाभ,

# एमएसपी पर फसल उपार्जन भी नहीं करेंगे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**वायु एवं मृदा प्रदूषण की रोकथाम के लिए सरकार का निर्णय एक मई से होगा लागू**

**मध्यप्रदेश स्वामित्व योजना एवं फार्मर रजिस्ट्री में देश में प्रथम स्थान पर**

**राजस्व महाअभियान 3.0 में 29 लाख से अधिक राजस्व प्रकरणों का हुआ निराकरण**



मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में समय-समय पर राजस्व महाभियान चलाकर अधिकाधिक मामलों के निराकरण के दिए निर्देश

**भोपाल,ब्यूरो ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है। फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने के मामलों में वृद्धि होने से वायु प्रदूषण सहित कई प्रकार से पर्यावरण को बेहद नुकसान हो रहा है। खेत में आग लगाने से जमीन में उपलब्ध पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और भूमि की उर्वरक क्षमता में भी गिरावट आती है। इसके निदान के लिये राज्य सरकार पहले ही नरवाई जलाने को प्रतिबंधित कर चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसके बाद भी यदि कोई किसान अपने खेत में नरवाई जलाता है तो उसे मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा नरवाई जलाने पर संबंधित किसान से अगले साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल उपार्जन भी नहीं किया जाएगा। वे समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में राजस्व विभाग की समीक्षा में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, मृदा संरक्षण एवं भूमि की उत्पादकता बनाए रखने के मद्देनजर राज्य सरकार का यह निर्णय एक मई से लागू होगा।

**शासकीय भूमि, कुएं, बावड़ियों एवं गांवों में सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण हटाने के लिए चलाएं अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय भूमि, कुएं, बावड़ियों, तालाबों एवं गांवों में सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण हटाने के लिए सख्ती से विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी जल संग्रहण स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राजस्व अधिकारी अपनी महती भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी अमृत सरोवर, तालाब, बांध, नहर एवं अन्य जल संरचनाओं को राजस्व अभिलेखों में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए और अभियान में नहर, कुए और बावड़ियों जैसी जल संरचनाओं को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को नामांतरण और बंटवारा जैसे राजस्व से जुड़े कार्यों का तय समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन के प्रकरण प्राथमिकता के साथ निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों का नियमित निरीक्षण करें। नामांतरण, बँटवारा आदि मामलों का निराकरण समय सीमा में निरंतर होता रहे, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

**साइबर तहसील परियोजना से मिल रहा बड़ा लाभ**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजस्व सहित सभी विभाग डिजिटाइजेशन की दिशा में अग्रसर है। इसका सीधा लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है, उन्हें अब जरूरी कार्यों के लिए लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ता है। मध्यप्रदेश की साइबर तहसील परियोजना इसी दिशा में किया गया एक नवाचार है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ÷प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार÷ देकर इसकी सराहना की है। उन्होंने बताया कि साइबर तहसील के सकारात्मक परिणाम मिले हैं और किसानों सहित सभी नागरिकों के जीवन में बड़ा बदलाव नजर आ रहा है। साइबर तहसील 1.0 में अब तक 1 लाख 56 हजार 700 से अधिक और साइबर तहसील 2.0 में अब तक 1 लाख 19 हजार से अधिक प्रकरण निराकृत किए जा चुके हैं।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की अनिश्चतकालीन हड़ताल जारी



**संयुक्त एएनएम एसोसिएशन ने दिया समर्थन**

**ग्वालियर,नसं.।** अपनी मांगों को लेकर 22 अप्रेल से अनिश्चतकालीन हड़ताल पर बैठे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल अनवरत जारी है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के आह्वान पर यह हड़ताल संपूर्ण मध्यप्रदेश में की जा रही है। जिसका प्रतिकूल असर अब दिखाई देने लगा है, कई गंभीर रोगों के मरीजों पर इसका प्रतिकूल असर दिखाई देने लगा है। जहां एक ओर हड़ताल के चलते टीबी के मरीजों को दवा नहीं मिल पा रही है। वहीं एक सैकड़ा से अधिक आरोग्य मंदिर भी संपूर्ण ग्वालियर जिलें में बंद रहे जिससे ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं संयुक्त एएनएम एसोसिएशन की अध्यक्ष विमलेश शर्मा ने संविदा कर्मचारियों की हड़ताल को लिखित समर्थन दिया। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मवीर शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पहले से संविदा नीति जारी की जा चुकी है, लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश उसे अपने कर्मचारियों पर लागू नहीं कर रहा है और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा संविदा महापंचायत में की गयी घोषणा पर अमल नहीं कर रहा है। ऐसे में मध्यप्रदेश के 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को अपनी मांगों को पूरा कराने लिये इस जानलेवा गर्मी में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठना पड़ा है। इस मौके पर संगीता भटनागर, रेखा शर्मा, ममता चंदेरिया, पूनम शाक्य, रचना परिहार, सीमा विश्वास, वंदना यादव, राधा राठौर, निर्मला लोधी, सीमा शर्मा, सुनीता पाल, सोनिया गुप्ता, सोनेन्द्र सिंह जादौन, मनीष मिश्रा, अभिषेक सिकरवार, एमएस खान, इमरान खान, मेघ सिंह बघेल, एसपी माथुर सहित सैकड़ों संविदा कर्मी मौजूद रहे।

## प्रभात फेरी के साथ वल्लभाचार्य जी का प्राकट्य महोत्सव शुरू

**ठाकुरजी का किया विशेष श्रृंगार, कुनवारा हुआ, लगाए छप्पन भोग**



**ग्वालियर,नसं.।** अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के तत्वाधान में जगतगुरु महाप्रभु वल्लभाचार्य जी का तीन दिवसीय 548 वां प्राकट्य महोत्सव गुरुवार को प्रभात फेरी के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में वैष्णवजन एवं महाप्रभु के अनुयायियों ने भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, महामंत्री मोहनदास अग्रवाल, प्रचार मंत्री यमुनेश नागर ने बताया कि वल्लभाचार्य जी के प्राकट्य उत्सव के पहले दिन इंदौर, नाथद्वारा से आए वैष्णव आचार्य दिव्येश कुमार महाराज की मौजूदगी में सुबह 6 बजे प्रभात फेरी गिर्राज धर्मशाला दौलतगंज से उल्लासपूर्ण माहौल में प्रारंभ हुई। जो महाराज बाड़ा, सर्राफा, पारख जी का बाड़ा होते हुए वापस दौलतगंज स्थित श्री गिर्राज धर्मशाला पहुंची। प्रभात फेरी के पहले प्रातः आचार्य दिव्येश कुमार ने वल्लभाचार्य जी का माल्यार्पण कर मनोहारी ढंग से श्रृंगार व पूजन किया। इस दौरान जगह जगह वल्लभाचार्य जी का श्रद्धापूर्ण स्वागत किया गया। श्रीनाथ जी का मंदिर, सराफा में महाराजश्री का स्वागत किया गया। गिर्राज धर्मशाला, दौलतगंज पर वैष्णव जन ने महाराजश्री का तिलक कर आरती की। सूरत, गुजरात से मंगाए गए विशेष चक्र आकर्षण का केंद्र रहे। शाम को द्वारिकाधीश की हवेली, पारखजी का बाड़ा पर रजनीश व्यास, त्रिलोकीनाथ व्यास, शशिकरण मुखिया, राखी व्यास के सहयोग आयोजित कुनवारा महोत्सव में छप्पन भोग लगाया गया। ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रामनारायण शर्मा, सहमंत्री पुरुषोत्तम सिंहल, गोविन्द जौहरी, आनन्द अग्रवाल रंगवाले, राजेश सोनी, प्रणय सिंघल, कुम्भन अग्रवाल, परमानन्द अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, उदित मंगल, मुरली मनोहर अग्रवाल, अनुभव सिंहल, राजीव गर्ग, नवनीत अग्रवाल, अंकित खण्डेलवाल, जमुनादास मुखिया, लक्ष्मण दास सिंघल, सौरभ माहेश्वरी, सुदर्शन गोयल, ग्वालदास अग्रवाल, बृजकिशोर सिंघल, राजेश धमानी, रविन्द्र सिंघल चौबे, पुष्पा रस्तोगी, सीता नाहर, ममता गोयल, कुंजलता अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल, अमिता दवे, रजनी अग्रवाल, राखी व्यास आदि उपस्थित

## जल संरक्षण के जन-आंदोलन से जल-समृद्ध बनेगा मध्यप्रदेश : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**शहडोल की ग्राम पंचायत टिहकी में जल गंगा संवर्धन अभियान की जन-चौपाल में हुए शामिल**

**शहडोल में 4 हजार से अधिक जल संरचनाओं का किया जाएगा संरक्षण एवं संवर्धन**



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार जल-संरक्षण एवं संवर्धन को जन-आंदोलन के रूप में विकसित कर 'जल-समृद्ध मध्यप्रदेश' बनाने की दिशा में सतत कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि 'जल-गंगा संवर्धन अभियान' अब प्रदेश के हर गांव, हर परिवार और हर नागरिक की सहभागिता वाला जन-अभियान बन गया है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल शहडोल जिले की जनपद पंचायत जयसिंह नगर अंतर्गत ग्राम पंचायत टिहकी में आयोजित जन-चौपाल को संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि वर्षा जल का संरक्षण और संवर्धन आज समय की मांग है। प्राकृतिक संतुलन के लिए आवश्यक है। प्रदेश सरकार ने जल-गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की है, ताकि हम जल को संग्रहित करें, उसका संरक्षण करें और जल-स्त्रोतों को पुनर्जीवित करें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि धरती की कोख - यानी भूमिगत जल स्त्रोतों को भी पुनर्भरण (रिचार्ज) की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि यदि हम केवल निकालते रहेंगे और वापस नहीं लौटाएँगे, तो भविष्य में अगली पीढ़ी को जल संकट का सामना करना पड़ेगा।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने आमजन से आह्वान किया कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव लाने का संकल्प लें।

उन्होंने कहा कि पानी केवल कृषि और पेयजल का साधन नहीं है, बल्कि यह संस्कृति, अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य से भी सीधा जुड़ा हुआ है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को दी पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश की समस्त पंचायतों को समृद्ध कर गांवों का पुनर्विकास किया जा रहा है, स्थानीय निकायों की मजबूती के लिए यह बड़ा कदम है। गांवों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से पंचायतों को सशक्त किया जा रहा है। इससे पंच-सरपंच और जनपद व जिला पंचायत स्तर के प्रतिनिधि बेहतर तरीके से अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मीडिया में जारी संदेश में कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही पंचायत व्यवस्था महत्वपूर्ण रही है। गांव की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार घर-घर गोकुल बनाने की दिशा में अग्रसर है।

## निगम के अमले ने की अवैध निर्माणों को तोड़ने एवं अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही

**मेट्रो प्रोजेक्ट में बाधक 06 मकान हटाये और ठेले, पन्नी आदि की जप्त**



**भोपाल।** नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए जेल रोड, फादर एंजिल स्कूल के सामने अवैध रूप से बनें 08 पिलर, 01 बाउंड्रीवाल तथा 01 जीना तोड़ा साथ ही मैदा मिल अर्जुन नगर क्षेत्र में मेट्रो प्रोजेक्ट के कार्य में बाधक 06 मकानों को हटाया और विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से नाली के ऊपर रखी गई फर्शियां, दुकानों के बाहर रखा गया सामान आदि को भी हटाने की कार्यवाही की तथा ठेले, पन्नी आदि जप्त की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने गुरूवार को अशोका गार्डन, करोद 80 फिट रोड, सब्जी मंडी, न्यू मार्केट, अरेरा हिल्स, कोलार दानिश कुंज, बांसखेड़ी चैराहा, महाबलीपुरम, सर्वधर्म कालोनी, शाहजहांनाबाद पार्क, बाग मुंशी हुसैन खां, लालघाटी, गुफा मंदिर, बैरागढ़, चंचल चैराहा, रायसेन रोड, केपिटल पेट्रोल पंप, मैदा मिल, अरविंद नगर, न्यू जेल रोड, एम.पी. नगर जोन-02, अयोध्या नगर, प्रतिभा गार्डन, इंद्रपुरी, लिंक रोड नं. 01, 02 एवं 03 आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए नालियों पर अवैध रूप से रखी फर्शियां, दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखा विभिन्न प्रकार का सामान, चाय का ठेला, टेबिल, बोर्ड आदि हटाये और 02 सब्जी के ठेले, 02 छत ठेले व 01 पन्नी जप्त की। निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने जोन क्र. 20 के अंतर्गत नई जेल रोड फादर एंजिल स्कूल के सामने अवैध रूप से बनाई गई 01 बाउंड्रीवाल, 08 पक्के पिलर, 01 जीना आदि को जेसीबी व श्रमिकों के माध्यम से तोड़ा।

## डीईओ ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी रहे उपस्थिति**



**अलीगढ़,कासं.।** जिला अधिकारी एवं डीईओ संजीव रंजन द्वारा गुरूवार को ईवीएम वेयरहाउस पहुँच राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को जांचा गया है।

एडीएम पंकज कुमार ने बताया कि वेयर हाउस में 5356 बैलेट यूनिट, 5747 कंट्रोल यूनिट एवं 5630 वीवीपैट संरक्षित एवं सुरक्षित हैं। बीजेपी से उदयवीर सिंह लोधी, बीएसपी से एडवोकेट अशोक सिंह, एसपी से शाकिर अंसारी एवं मोहम्मद इदरीश की उपस्थिति में वेयर हाउस की सील खोली गई। सुरक्षा को जांचते हुए फिर से सभी प्रतिनिधियों के समक्ष वेयर हाउस में रखी ईवीएम, वीवीपैट को सीलबंद किया गया।

## नई सोच के साथ जन सहभागिता के लिए हो प्रयास : राज्यपाल श्री पटेल

**नागरिकों में पर्यावरण संतुलन के प्रति उत्तरदायित्व की भावना समय की जरूरत**

**पर्यावरण संतुलन की चिंता के प्रति हर नागरिक संवेदनशील हो**

**राज्यपाल ने एप्को की 13वीं साधारण सभा की बैठक को किया संबोधित**



**भोपाल,ब्यूरो।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जन सहभागिता के लिए नवाचार और नई सोच के साथ प्रयास किए जाने चाहिए। पर्यावरण संतुलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर लम्बे समय से काफी चिंतन हो रहा है। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग अभी भी चुनौती बनी हुई है। आज आवश्यकता है कि हर व्यक्ति को पर्यावरण संतुलन के प्रति उत्तरदायी बनाने के समन्वित प्रयास किये जायें। पर्यावरण संतुलन की चिंता के प्रति समाज संवेदनशील हो। सामाजिक वातावरण हर व्यक्ति, समुदाय को पर्यावरण संतुलन के लिए सजग और सक्रिय बनाने वाला हो। बच्चे, बड़े सभी के दिल और दिमाग में अंकित हो कि पर्यावरण संतुलन और प्रदूषण नियंत्रण के लिए क्या किया जाना चाहिए, क्या नहीं किया जाना है। राज्यपाल श्री पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को की 13वीं साधारण सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के. सी. गुप्ता भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सरकार के कार्यक्रमों में जन चेतना के जुड़ जाने की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण इंदौर शहर है। लगातार 7 बार से देश का सबसे स्वच्छतम नगर की उपलब्धि नगर निगम के एकल प्रयासों का परिणाम नहीं है। यह नगर निगम और इंदौर के नागरिकों के सहभागी प्रयासों का प्रतिफल है। नागरिकों का स्वच्छता आग्रह और स्वच्छता के प्रति जन चेतना की सक्रियता का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने गुजरात के कच्छ इलाके के ग्रामीण विद्यालय के शिक्षक दम्पती की छोटी सी पहल से होने वाले बड़े बदलाव का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि शिक्षक दम्पती ने नई सोच के साथ विद्यालय के वीरान परिसर में पौध-रोपण शुरू किया। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को पौधे उपलब्ध कराये और परिसर में पौध-रोपण कराया। बच्चों से कहा कि जब वे स्कूल आए तो घर में सब्जियों को धोने वाले पानी को किसी डब्बे अथवा बोतल में लेकर आए। उनके द्वारा लगाए गए पौधे में वही पानी डाल दे। इस नई सोच ने कच्छ जैसे सूखे इलाके के विद्यालय के परिसर को हरा भरा करने का करिश्मा कर दिया है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि समाज में बच्चों की वित्तीय सुरक्षा के लिए बैंकों में धन राशि जमा करते हैं। यह नहीं समझते कि यदि पर्यावरण नहीं रहेगा तो जीवन ही नहीं रहेगा। इस लिए संतान के भावी जीवन की वित्तीय सुरक्षा की चिंता से ज्यादा जरूरी पर्यावरण संतुलन की चिंता है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।